तापमान
अधिकतम 43.6 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

पारा 43.6 डिग्री : यह घटेगा नहीं पर गर्मी से ... 12


शासकीय भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन से खेत को भारी नुकसान... 13




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### दो सटोरिये गिरफ्तार




**भिलाई।** सट्टे का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर पुलिया के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम के अंकों पर रकम का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस ने दबिश देकर हाउसिंग बोर्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कैलाशनगर जामुल निवासी संतोष शर्मा उर्फ संतन को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त किया है। इसके अलावा भिलाई तीन पुलिस ने शांतिपारा भिलाई 3 निवासी अविनाश ढीमर को पकड़ा है।उसके पास से नगद 4025 रकम और 16 सट्टा पट्टी पर्ची जब्त किया है।

### चार बार की गई पाइप लाइन की टेस्टिंग, फिर भी नाकामी

# 2.17 करोड़ से बनी पानी टंकी, चार बार टेस्टिंग के बाद भी फेल, लीकेज से हो रहा जलभराव

*भिलाई नगर निगम के द्वारा सुपेला चौक में 2.17 करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद निगम के अधिकारियों ने इसकी चार बार टेस्टिंग कर डाली, लेकिन हर बार पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज होने से जलभराव की समस्या हो पा रही है। टंकी से पानी सप्लाई शुरू नहीं होने से भीषण गर्मी में तीन वार्डों के लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। सुपेला क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 में बनाई गई पानी टंकी से आसपास के कई वार्डों में पानी सप्लाई करने की योजना थी, लेकिन हकीकत यह है कि टंकी बनने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। रविवार को इस टंकी की चौथी बार टेस्टिंग की गई, जोकि फेल हो गई। टेस्टिंग के दौरान जगह-जगह लीकेज की समस्या देखने को मिली।*



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

2 करोड़ 17 लाख 48 हजार 20 रुपए की लागत से इस ओवरहेड टंकी का निर्माण कराया गया था। योजना के तहत वार्ड 10, वार्ड 16 और वार्ड 17 के घरों तक नियमित पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। खासकर गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके। टंकी निर्माण के बाद इसे उसे पाइप लाइन नेटवर्क से जोड़ा गया। रविवार को चौथी बार पाइपलाइन कनेक्शन कर टेस्टिंग की गई लेकिन हर बार की तरह नतीजा निराशाजनक रहा। टेस्टिंग के दौरान जगह-जगह पाइपलाइन से पानी का रिसाव सामने आया, जिससे पूरी व्यवस्था ठप हो गई। नूरी मस्जिद से लेकर निजामी चौक तक करीब 5 जगहों पर और भीम नगर में भी पाइप लाइन में लीकेज की समस्या पाई गई। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी अगर पानी नहीं मिल रहा, तो यह सीधे तौर पर नगर निगम की लापरवाही है। लोगों ने जल्द से जल्द पानी सप्लाई शुरू करने की मांग की है।





नूरी मस्जिद से लेकर निजामी चौक तक भीम नगर में भी पाइप लाइन में लीकेज से इस तरह भर रहा सड़कों पर पानी।

### लीकेज ने बिगाड़ा पूरा सिस्टम जगह-जगह हो रहा जलभराव

पाइप लाइन में लगातार हो रहे लीकेज के कारण पानी सप्लाई शुरू ही नहीं हो पाई। तकनीकी खामियों और निर्माण की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचना, सीधे तौर पर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन प्रभावित वार्डों के लोगों को आज भी पुराने स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोग टैंकर या निजी इंतजाम से पानी जुटाने को मजबूर हैं।



### निगम के अधिकारियों की लापरवाही से जनता परेशान

“जनवरी में करोड़ों रुपए की लागत से ओवरहेड टंकी का कार्य पूरा हो चुका है। तीन माह गुजरने के बाद भी लोगों को अब भी पानी नसीब नहीं हो पाया। पाइप लाइन में कई जगह लीकेज है। रविवार को भी टेस्टिंग में लीकेज मिला है। तीन वार्डों के जनता को इस टंकी से काफी उम्मीद थी लेकिन निगम अधिकारियों के लापरवाही के चलते लोगों को पानी की समस्या से आज भी झूजना पड़ रहा है। टैंकर से पानी भरने लोग सुबह से लाइन में लगना शूरू कर देते हैं। **-चन्द्रशेखर गवई,** एमआईसी मेंबर, पार्षद- वार्ड 10

# पत्नी के साथ अवैध संबंध की रंजिश, युवक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

अवैध संबंध को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नयापारा दुर्ग निवासी परदेशी राम निर्मलकर पुलिस में शिकायत किया। जिसमें पुत्र हेमंत निर्मलकर 18 अप्रैल की रात उतई तिराहा स्थित टेम्पो स्टैण्ड के पास आरोपी ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला किया गया।



आरोपी ग्राम बोरतरा थाना गुरूर जिला बालोद, हाल निवासी मांढर जिला रायपुर निवासी अंकित सिन्हा है। आरोपी को अपनी पत्नी के संबंधो को लेकर संदेह था। इस कारण हेमंत के प्रति आरोपी रंजिश रखता था। मौका मिलते ही हेमंत पर हथियार से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अंकित को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि अवैध संबंध को लेकर उस पर हमला किया। पुलिस ने आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। सिटी कोतवाली दुर्ग निरीक्षक नवीन कुमार राजपूत समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।




# छातागढ़ की नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

नदी में डूबने से दो युवको की मौत हो गई। घटना छातागढ़ दुर्ग की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक तितुरडीह दुर्ग निवासी मो.फैजल खान, ईशान नामक युवक अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ छातागढ़ के शिवनाथ नदी में नहाने गए थे। पांचों



युवक नदी में नहा रहे थे, इनमें किसी को भी तैरना नहीं आता है। अचानक नहाते हुए फैजल और ईशान नदी के गहरे पानी में चले गए। जिससे दोनों बाहर नहीं निकल पाए। अन्य तीन बालक नदी से बाहर निकल कर घटना की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम पहुंची। घंटो भर खोजबीन करने के बाद दोनों शव को खोज निकाला है। बताया गया है कि फैजल कालेज और ईशान स्कूल में पढ़ाई करता है। दोनों मृतक आपस में रिश्तेदार हैं।




### उधना-सांतरागाछी-उधना के मध्य 2-2 फेरे में चलेगी स्पेशल ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कंफर्म बर्थ की व्यवस्था ट्रेनों में किया है। ग्रीष्म काल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये सुगम और कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उधना-सांतरागाछी-उधना के मध्य 2-2 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। ट्रेन 09053 उधना-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन का परिचालन उधना से 20- 25 अप्रैल को किया जाएगा। ट्रेन 09054 सांतरागाछी-उधना स्पेशल ट्रेन का परिचालन सांतरागाछी से 22 -27 अप्रैल को किया जाएगा। ट्रेन का वाणिज्य ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। ट्रेन 09053 उधना-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, उधना से 20 - 25 अप्रैल को 11.25 बजे रवाना होगी। मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 02.30 बजे, प्रस्थान 02.35 बजे, दुर्ग आगमन 05.03 बजे, प्रस्थान 05.08 बजे, रायपुर आगमन 05.43 बजे, प्रस्थान 05.48 बजे, बिलासपुर आगमन 07.30 बजे, प्रस्थान 07.40 बजे होते हुये 21.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी।



## खबर संक्षेप

### महिलाओं के अधिकार व सम्मान पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण



**भिलाई।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हालिया घटनाक्रम ने देश की राजनीति का एक चिंताजनक पक्ष उजागर किया है। कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक पर जिस प्रकार का विरोध सामने आया है, वह स्पष्ट रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि यह विषय किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के अधिकार, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर विपक्ष द्वारा राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विगत कई दशकों में कांग्रेस ने महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए, बल्कि कई बार उनके अधिकारों को सीमित करने का कार्य किया।

### महिला आरक्षण विधेयक का पारित ना होना नारी शक्ति का अपमान



**भिलाई।** भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक का पारित न होना वास्तव में नारी शक्ति का अपमान बताया है। उन्होंने कहा की यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की बात करने वाले विपक्षी दल आज इस महत्वपूर्ण विषय पर ठोस कदम उठाने में विफल रहे हैं। उनके दोहरे चरित्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे केवल राजनीति के लिए महिलाओं के मुद्दों का उपयोग करते हैं, लेकिन जब वास्तविक निर्णय लेने का समय आता है, तो वे पीछे हट जाते हैं। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी ने सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता में रखा है।

# जहां निकासी की व्यवस्था नहीं वहां बना दी नाली, अभी से भरा है गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली निगम के वार्ड 20 के साप्ताहिक बाजार में ठेकेदार ने ऐसी नाली बनाई है कि वहां निकासी की व्यवस्था ही नहीं है। निकासी व्यवस्था नहीं होने की वजह से अभी से ही भीषण गर्मी में लोगों के घरों से निकलने वाला पानी जमा हो गया है। आउटलेट नहीं बनाए जाने की वजह से बारिश के दिनों में गंदा पानी बाजार क्षेत्र में फैलेगा। बाजार में आने वाले हजारों लोगों को दिक्कतें आएगी। वहीं बाजार में सब्जी बेचने वालों की भी परेशानी बढ़ेगी।

### 10 लाख रुपए का भुगतान भी हो गया लेकिन निरीक्षण नहीं

रिसाली के इस नाली का निर्माण करीब 10 लाख रुपए की लागत से करवाया गया है। हैरत की बात यह है कि रिसाली निगम के इंजीनियरों ने बिना आउटलेट के इस नाली निर्माण को मंजूरी कैसे दे दी। रहवासियों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के पैसे भी संबंधित ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। जबकि निगम के संबंधित इंजीनियर के बिना पूर्णता: प्रमाण पत्र के भुगतान नहीं हो सकता। निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने से पहले मौके का निरीक्षण नहीं हुआ। रहवासियों ने बताया कि नाली को दूसरे के मकान से टिका दिया गया है। जिससे मकान की नींव भी प्रभावित हो रही है।





### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

रहवासियों ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में हजारों लोग खरीदी के लिए आते हैं। आसपास कई घर हैं जहां लोग अपने छोटे बच्चों और परिवार के साथ निवास करते हैं। नाली में गंदगी पसर रही है। आउटलेट नहीं होने की वजह से बारिश के दिनों में यहां संक्रमण का खतरा है। रिसाली निगम में इस समस्या की जानकारी भी दी गई है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। आउटलेट की व्यवस्था नहीं की गई तो सब्जी व्यवसाईयों के साथ मिलकर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने बताया कि महापौर जब दौरे में आई थी तो उनका भी ध्यान आकृष्ट कराया गया था।

## बदलता मौसम : ट्विनसिटी के रहवासियों को गर्मी से मिल सकती है राहत

# पारा 43.6 डिग्री : यह घटेगा नहीं पर गर्मी से मिलेगी राहत, हो सकती है हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 43.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसकी वजह से लू की चपेट में ट्विनसिटी रही। सुबह से ही सूर्यदेव की तपिश इतनी ज्यादा थी कि तेज गर्मी लगने लगी। दोपहर को यह चरम पर पहुंच गया। गर्म हवाएं चलने लगी। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजार और सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई। शाम 6 बजे तक वातावरण गर्म रहा। इस दौरान हल्की बदली भी आ गई। जिसकी वजह से उमसभरा माहौल उत्पन्न हो गया। मौसम विभाग ने 21 यानी सोमवार को इस मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। उसके बाद भी तापमान में कमी नहीं आएगी। लेकिन कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जिससे उमसभरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है।

## अप्रैल महीने में मई जैसी तपिश



सुपेला सरकारी अस्पताल में इन दिनों बढ़ गई है मरीजों की संख्या।

### इन दिनों सिस्टम में है तीन द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से तटीय उड़ीसा तक झारखंड होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा उत्तर दक्षिण द्रोणिका का मन्नार की खाड़ी से उत्तर अन्दरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक बिहार, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग, बांग्लादेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### प्रति चक्रवात का भी है असर

मौसम विभाग के मुताबिक एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरुनी कर्नाटक तक 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से 20 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। दुर्ग, बिलासपुर, और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया एलर्ट

स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए एलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लू के ये लक्षण हैं। जैसे सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### 104 आरोग्य सेवा केंद्र से दे रहे परामर्श

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श लिया जाए और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जाए।

### लू लगने पर प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर फायर सेफ्टी पर जांबाजों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस और अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाना है। सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और विभागों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन अग्निशमन सेवा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। समापन अवसर पर दुर्ग जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह और संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित थे। संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि प्लांट में प्रत्येक कर्मचारी को नियमित रूप से फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जाती है और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में जेके लक्ष्मी सीमेंट की फायर ब्रिगेड टीम पूरी तत्परता से घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग करती है, जिसके लिए कंपनी को शासन स्तर पर सम्मान भी मिल चुका है।

### लोगों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण, किया जागरूक

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण, मॉक फायर और आपदा प्रबंधन अभ्यास, फायर ड्रिल, इमरजेंसी रिस्पॉन्स डेमो और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे। फायर ऑफिसर पंकज चौहान और उनकी टीम ने प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों और सहयोगी श्रमिकों के साथ-साथ आसपास के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में भी जागरूकता अभियान चलाया। इसमें आत्मानंद स्कूल अहिवारा, सेमरिया हाई स्कूल, नंदिनी खुदनी हाई स्कूल, गांधी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नंदिनी नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा और सीएसआर सेंटर अहिवारा के छात्र, शिक्षक और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस अभियान में लगभग 1500 बच्चों, शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# आपदा के समय ही मानवता की होती है वास्तविक परीक्षा : कुलपति डॉ. तिवारी




हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश में युवाओं में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करने वाली एक सशक्त संस्था है। जब-जब देश में आपदा आई है, तब-तब एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। केरल में आई भीषण बाढ़ का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वहां के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर लगभग 2000 से अधिक लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आपदा के समय ही मानवता की वास्तविक परीक्षा होती है और एनएसएस इस संवेदनशीलता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सदैव समाजहित में कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। विषय विशेषज्ञ डॉ. आरपी अग्रवाल ने कुलपति के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को कार्यक्रम अधिकारियों के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50 राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, समर्पण, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम अधिकारी अपने विद्यार्थियों को भी राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला सात दिनों तक निरंतर संचालित होगी, जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन व्याख्यान एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# भू-विज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तीकरण पर व्याख्यान

**दुर्ग।** भूविज्ञान के क्षेत्र में छात्राओं के लिये अनेक संभावनाएं है। यदि वे निष्ठा एवं लगन के साथ अध्ययन करें तो देश, विदेश तथा प्रदेश में उनके लिये अनेक संभावनायें है, ये उद्गार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूगर्भशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डीपी कुईती ने व्यक्त किये। डॉ. कुईती शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित आमंत्रित व्याख्यान दे रहे थे। डॉ. कुईती ने अलग-अलग क्षेत्रों में सफल एवं प्रसिध्द महिलाओं के विषय में पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से भूविज्ञान के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण पर रोचक व्याख्यान दिया। डॉ. कुईती के व्याख्यान के दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रजीत साकेत तथा डॉ. राहुल द्विवेदी सहित समस्त स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



अपने व्याख्यान में डॉ. कुईती ने भारत में प्रथम टीशू कल्चर लैब, पैथालॉजी लैब, अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु अनुसंधान तथा भूविज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए उनके सफल यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय व्याख्यान में डॉ. कुईती ने हिमनदों के पिघले तथा ज्वालामुखी के उद्गार पर केन्द्रित जानकारी विद्यार्थियों को दी। 77 वर्षीय डॉ. डीपी कुईती ने जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वार्मिंग का उल्लेख करते हुए ग्लेशियर के पिघलने के गति तथा उसके पारस्परिक परिणाम पर भी गहराई से चर्चा की।

# पीएम आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने हितग्राहियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- डाटा सेंटर में आयुक्त ने ली हितग्राहियों की बैठक

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही, जिन्होंने मकान निर्माण के लिए आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया।

बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा। कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं करने की शिकायत रखी। वहीं कुछ ने शुभ मुहूर्त का इंतजार करने की बात कही। आयुक्त ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



### 20 हितग्राहियों ने दी सहमति

बैठक में कुल 88 हितग्राहियों में से 36 उपस्थित हुए। विस्तृत चर्चा और समझाइश के बाद लगभग 20 हितग्राहियों ने अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की।

### हरसंभव सहायता देने की मंशा

नगर निगम का उद्देश्य ऐसे सभी हितग्राहियों को सहयोग प्रदान करना है, जो किसी भी कारण से अपना आवास निर्माण शुरू नहीं कर पा रहे हैं। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें उनके सपनों का घर दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

# केवि शिक्षक संघ ने राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों की ज्वलंत और लंबे समय से लंबित समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी ने अवगत कराया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित विभागीय पदोन्नति परीक्षा में सीटेट उत्तीर्ण न करने वाले शिक्षकों को पूर्व में वंचित किया गया था, जिसके पश्चात शिक्षकों ने पूर्ण निष्ठा एवं परिश्रम के साथ परीक्षा दी और बड़ी संख्या में सफल भी हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी अब तक संबंधित पोर्टल नहीं खोला गया है, जबकि 26 अप्रैल को पदोन्नति परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। यह स्थिति प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है तथा शिक्षकों, विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षकों के अधिकारों का स्पष्ट हनन है, जिन्हें पर्याप्त योग्यता अर्जित करने के बावजूद उचित अवसर प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। संघ के महासचिव डॉ. अजय आर्य ने बताया कि इस संबंध में एक समग्र एवं तथ्यों पर आधारित ज्ञापन सांसद को सौंपा गया, जिसमें शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं, प्रशासनिक विसंगतियों तथा पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने विषय की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को संसद के पटल पर प्रमुखता से उठाएंगी।

# भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए बस से कोलकाता रवाना हुए स्वर्णकार कारीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्य में इस समय चुनावी सरगर्मी तेज है। यहां नई सरकार चुनने के लिए 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

- भाजपा नेता कन्हैया सोनी खुद साथ हुए रवाना

भाजपा की ताकत बढ़ाने और सरकार बनाने के लिए सभी राज्य के भाजपा नेता तेजी लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कन्हैया सोनी भी पीछे नहीं है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्वर्णकार कारीगरों को इकट्ठा किया। उन्हें भाजपा पार्टी के नीति और रीति के बारे में बताया और भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए खुद उन्हें बस में लेकर कोलकाता के लिए रवाना हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से बस द्वारा सैकड़ों की संख्या में स्वर्णकार कारीगर कोलकाता के लिए रवाना हुए। सोनी का कहना है कि वो सभी भाजपा के पक्ष में मतदान कर पार्टी को जीताने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। कन्हैया सोनी ने बताया कि संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और चुनावी सक्रियता का परिचय देते हुए उन्होंने एक अभियान चलाया है।

उन्होंने अपने भिलाई दुर्ग में कार्यरत स्वर्णकार समाज के कारीगरों और उनके परिवारों को मतदान हेतु प्रेरित किया है। इसके बाद विशेष बसों का प्रबंध कर इन मतदाताओं को उनके मूल निवास कोलकाता भेजने की व्यवस्था की है। वह स्वयं भी कोलकाता गए। रवाना होने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जय श्री राम और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। सोनी ने कहा कि, राष्ट्रहित में प्रत्येक वोट कीमती है।

# बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है।

पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में 29 अप्रैल दोपहर 12 से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा। अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित होकर आवेदन के लिए निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। आवेदन हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी शासकीय सेवा, परिवार में कोई सदस्य शासकीय सेवा, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो एवं आवेदक की उम्र 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए।

आवेदक इंटर्नशिप कॉर्पोरेट मंत्रालय द्वारा चयनित कंपनियों जिसकी सूची पोर्टल में दी गई है। किसी भी एक कंपनी का चयन कर सकते हैं। यह केवल 1 वर्ष की अवधि का होगा। आवेदन के उपरांत युवाओं को चयनित होने पर कार्पोरेट उपक्रम में एक साल की अपरेंटिशिप में 9,000 प्रतिमाह मानदेय व संबंधित को एक वर्ष में 6,000 रूपए एक मुश्त अन्य खर्च हेतु प्रदान किया जायेगा।

# अक्षय तृतीया पर भक्तों ने दान किया जल भरा मटका, पर्व का महत्व भी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भगवान श्री राम मंदिर जामगांव आर पुजारी पंडित मुरली वैष्णव महाराज ने राम दरबार का विशेष श्रृंगार कर कर भक्तों को अक्षय तृतीया से जुड़ी हुई अतीत की महत्वपूर्ण प्रेरणादाई बातें बताई।

महाराज श्री ने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन पवित्र दिवस जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने 400 दिनों की निर्जला उपवास का पारणा गन्ना का रस पीकर किए थे। भगवान श्री कृष्ण से मित्र सुदामा को भव्य महल प्रदान किए, महासती द्रौपदी को अक्षय पात्र मिला, राजा भगीरथ से प्रसन्न गंगा धरती पर अवतरित हुई और महर्षि वेद व्यास ने श्री गणेश के साथ मिलकर महाभारत का लेखन आरंभ किए। श्री राम मंदिर जामगांव आर में मदन लाल केला,भीखमचंद राठी,कुंजी चंद्राकर ,हेमलता वैष्णव ने जल भरा मटका दान रविवार अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर किए।

## राम दरबार का विशेष श्रृंगार, प्रेरणादायी बातों को आत्मसात किया ग्रामीणजनों ने

### भगवान शिव के परम भक्त थे परशु राम

महाराज श्री ने भक्तों को बताया कि भगवान परशुराम का वास्तविक नाम 'राम' ही था, किन्तु भगवान शिव द्वारा प्रदत्त अमोघ अस्त्र 'परशु' को सदैव धारण किये रहने के कारण ये परशु वाले राम अर्थात 'परशुराम' कहलाये। ये राजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका और भृगुवंशीय जमदग्नि मुनि के पुत्र थे। जमदग्नि के पुत्र होने के कारण इनका एक नाम 'जामदग्न्य' भी था। ये भगवान शिव के परम भक्त थे। समस्त शस्त्रों एवं शास्त्रों के ज्ञाता भगवान श्रीहरि विष्णु के 'आवेशावतार' भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव सतयुग एवं त्रेता युगों के संधिकाल में 5143 वि.पू. वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रात्रि के प्रथम प्रहर में हुआ था।





### अक्षय तृतीया का दान से पुण्य प्रबल होता है

अक्षय शक्ति वाले भगवान परशुराम के प्राकट्य के कारण वैशाख शुक्ल की यह विशिष्ट तिथि 'अक्षय तृतीया' के नाम से विभूषित हुई। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य आदि का कभी क्षय नहीं होता। सनातन धर्म में इस दिन व्रतोपवास करने एवं उत्सव मनाने की प्रथा है। पंडित मुरली वैष्णव ने बताया कि अक्षय तृतीया का दान से पुण्य प्रबल होता है।

### सीता स्वयंवर प्रसंग

महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान श्रीविष्णु के पांचवें एवं सातवें अवतार यानी वामन एवं भगवान श्रीराम के मध्य क्रम में धरती पर अवतरित हुए। सीता-स्वयंवर प्रसंग में इनकी पावन छवि का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है—'बृषभ कंध उर बाहु बिसाला। चारु जनेउ माल मृगछाला।। कटि मुनिबसन तून दुइ बांधें। धनु सर कर कुठारु कल कांधें।।

### ऐसे बने श्री गणेश एकदंत

उन्होंने बताया कि सनातन मर्यादा के रक्षक भगवान परशुराम के महान पराक्रम से अधर्मी राजा थर-थर कांपते थे। भगवान शिव से इन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र एवं मंत्र कल्पतरु प्राप्त किया था। शस्त्र विद्या के महान ज्ञाता भगवान परशुराम ने भीष्म, द्रोण तथा कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार एक बार कैलास में प्रवेश करते समय श्रीगणेश जी द्वारा रोक लिये जाने पर भगवान परशुराम ने परशु का प्रहार किया, जिससे गणेशजी का दांत टूट गया था। तत्पश्चात्र भगवान श्रीगणेश एकदंत कहलाये।शास्त्रोक्त है कि भगवान श्रीहरि विष्णु ने अहंकार में चूर अत्याचारी क्षत्रिय राजाओं के मानमर्दन के लिए भगवान परशुराम के रूप में अवतार लिया तथा धर्म से द्वेष करने वाले अन्यायियों का दमन कर जगत के रक्षार्थ भगवान परशुराम ने भगवान शिव द्वारा प्रदत्त अमोघ अस्त्र 'परशु' धारण किया था।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन में केवाईसी के नाम पर किया जा रहा परेशान : साहू

**उतई।** जिला दुर्ग कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण प्रवक्ता द्वारिका साहू ने महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर महिलाओं के नाम काटने का बहाना बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव में सभी विवाहित महिलाओं को प्रति माह 1000 देने का वादा किया था लेकिन चुनाव के बाद से लाखों बहनों का विवाह हुए हैं वह इस महतारी वंदन योजना से वंचित रह रहे हैं जिस पर आज तक भाजपा के साय सरकार ने कोई पहल नहीं की। दुर्ग जिला प्रवक्ता ने बताया कि पहली किस्त में 75 लाख महिलाओं को राशि मिली जो जो धीरे-धीरे घटकर 69 लाख रह गई है। उन्होंने भीषण गर्मी में केवाईसी के नाम पर महिलाओं को परेशान करने और लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया। श्री साहू ने भाजपा की साय सरकार से मांग की कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक महतारी वंदन लाभ लेने वाली महिलाओं के साथ साथ नव विवाहित बहनों को भी इस योजना का लाभ दिया जाए।



### सौभाग्य का प्रतीक अक्षय तृतीया

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि अक्षय तृतीया भारतीय संस्कृति का अत्यंत शुभ एवं पवित्र पर्व है, जो समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत का प्रतीक है।

## जिला प्रशासन से शिकायत कर उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

# शासकीय भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन से खेत को भारी नुकसान, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अम्लेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मगरघटा, जिला दुर्ग के निवासी शिरीष चंद्र अग्रवाल किसान ने जिला प्रशासन को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनके खसरा क्रमांक 485 स्थित खेत के आसपास शासकीय भूमि पर बने बरसाती नालों से अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे उनके खेत के आवागमन मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है और खेत को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, इस पूरे मामले में विमल अग्रवाल (मल्टी स्पोर्ट्स सिटी) तथा उनके मैनेजर दिलीप मिश्रा की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि बीते 3-4 वर्षों से लगातार नाले के किनारों से छेड़छाड़ कर खेत तक पहुंचने के रास्ते को प्रभावित किया जा रहा है तथा खेत की सुरक्षा हेतु बनाए गए बांध को भी तोड़ा गया है।

किसान ने बताया कि इस कृत्य से उसकी खेती प्रभावित हो रही है और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 303, 324, 326, 270, 329 सहित पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

साथ ही, किसान ने प्रशासन से नाले के किनारों पर पक्की दीवार निर्माण कराने एवं हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। किसान ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराने को बाध्य होंगे। वही मगरघटा के निवासी मनोज यादव और ग्रामीणों का कहना है कि 484 खसरा नंबर की खोदाई की है जिसका पटवारी के द्वारा निरीक्षण भी किया गया साथ ही गांव देवंता भैंसासुर के आस पास के जमीन को भी नुकसान पहुंचा है।जिसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई है।

### नाले के किनारों से छेड़छाड़ कर खेत तक पहुंचने के रास्ते को प्रभावित किया जा रहा





### अवैध कब्जा किया जा रहा

अवैध कब्जा किया जा रहा है साथ ही शासकीय भूमि से अवैध खनन मिट्टी का कर रहे हैं। गांव के देवंता भैंसासुर के पास की जमीन को भी कब्जा किया जा रहा है।

**सोहन निषाद,** पार्षद अम्लेश्वर

### जांच की जा रही, होगी उचित कार्रवाई

अवैध रूप से मिट्टी खनन की शिकायत सामने आई है जिसकी जांच की जा रही है। जांच उपरांत दोषी के ऊपर उचित कार्रवाई की जायगी।

**लवकेश धुरु,** एसडीएम पाटन



## नगर पालिका परिषद कुम्हारी की कार्यप्रणाली के विरोध में खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी ने पालिका प्रशासन पर लगाए कई गंभीर आरोप

वर्तमान नगरपालिका की कार्यप्रणाली एवं अव्यवस्था को लेकर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी कुम्हारी ने विरोध में मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वर्तमान नगरपालिका प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

ब्लॉक कोंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनहरण यादव ने कहा पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में विकास के बजाय केवल 'विनाश' देखने को मिल रहा है। नगर की मूलभूत सुविधाएं जैसे रोड, नाली, साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आत्मानंद स्कूलों की स्थिति भी खराब है, जहाँ कभी मुफ्त शिक्षा की बात होती थी, अब वहां शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुम्हारी नगर पालिका में इस बार ऐसे-ऐसे लोग पीआईसी के सदस्य बन गए हैं, जिन्हें न तो एजेंडा पता है और न ही काम करने का तरीका। जो अनुभवी पार्षद हैं, उन्हें दरकिनार कर दिया गया है।

नगर के प्रमुख तालाब—संजय नगर तालाब, परसदा तालाब और ओडेना तालाब—की स्थिति बहुत खराब है। इन तालाबों का निस्तारी कार्य और सफाई लंबे समय से अटकी हुई है। टेंडर होने के बाद भी काम शुरू नहीं हो रहा है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि आज कुम्हारी नगर पालिका और राज्य सरकार के गठन के लगभग डेढ़ साल बीत जाने के बाद जो स्थिति निर्मित हुई है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विकास की गति बढ़ने के बजाय पूरी तरह ठप हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद द्वारा पाइप जुड़वाने के नाम पर 1700 रुपए नगद वसूले गए, जबकि यह काम पालिका का है। प्रधानमंत्री जी 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की बात करते हैं, लेकिन कुम्हारी के महामाया मंदिर परिसर में लगे पुराने और विशाल पेड़ों को बेरहमी से काट दिया गया।

राजेश्वर सोनकर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो विपक्ष जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### गौठान की हालत बद से बदतर

आज गौठान की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है, गायों को चारा-भूसा तक नहीं मिल रहा। पिछली सरकार के समय जो व्यवस्थाएं सुचारू थीं, वे आज ठप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका में अवैध वसूली और दलालों का हस्तक्षेप बढ़ गया है। टैक्स जमा करने के नाम पर दलाल घूम रहे हैं। भवन अनुज्ञा जैसे कार्यों के लिए बिना बिचौलियों के काम नहीं हो रहा है। 10 हजार के काम के लिए 15 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। परसदा में पाइपलाइन बिछाने के बाद उसे खुला छोड़ दिया गया है, जिससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। नगरपालिका के उपाध्यक्ष प्रमोद राजपूत ने कहा कि नगर में पूरी सफाई व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो चुकी है। पूर्व पार्षद महेश सोनकर ने कहा कि पिछले डेढ़ सालों में ऐसा कोई कार्य नहीं दिखा, बल्कि ये लोग केवल अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारने वाले काम कर रहे हैं। प्रेस वार्ता के अंत मे सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो वे जमीनी स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## कांग्रेस में संगठन स्तर पर हुए मनोनयन



**जामुल।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर के दिशा निर्देश में जामुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत संगठन के चुनाव रविवार को हुए। वार्ड-4 पार्षद सरोजनी चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू और पार्षद रामप्यारी वर्मा आदि की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष दीपक सिंह एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रीमन निषाद का मनोनयन तरुण सांस्कृतिक परिषद मंच में बैठक लेकर किया गया। राम मंदिर 8 वार्ड में कांग्रेस संगठन सृजन के अंतर्गत वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी अध्यक्ष का चुनाव सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल के निवास मे हुआ। जिसमे मुख्य रूप से कमलेश साहू ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल अध्यक्ष, सबीहा खान पार्षद, सुनील राय वार्ड प्रभारी, शम्भू साहू वार्ड सहयोगी, द्रोपती साहू और दीप्ति देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान बूथ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोहित लहरे को चुना गया एवं वार्ड 8 कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुनीत सिन्हा का मनोनयन किया गया। बूथ कांग्रेस कमेटी में मुख्य रूप से सागर साहू, मनदीप सिंह, मंजू सिन्हा, रीता यादव, निखिल सिन्हा,संतोष साहू, युवराज. संजय जंघेल,नीरज यादव,गुलशन ठाकुर और हेमशंकर सिन्हा का मनोनयन किया गया तथा वार्ड 8 कांग्रेस कमेटी मे घनश्याम यादव, तुकेश्वर साहू, सत्या निर्मलकर, खेमिन साहू, पायल यादव,पूर्णिमा निर्मलकर, हर्ष यादव, दिलीप ठाकुर, प्रेम राज सिन्हा, सोमन साहू और नीरज सिन्हा आदि का मनोनयन किया गया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट, ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।



## साहू समाज की एकजुटता और कार्यकुशलता बेहतरीन : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

- भक्त माता कर्मा की जयंती महोत्सव का आयोजन

कर्मा भवन प्रांगण ग्राम घुघुवा (क) में स्थित परीक्षेत्रीय साहू सदन में भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती महोत्सव गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। श्री कृष्ण कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन प्रसाद वितरण एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक दर्पण निपानी की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन ने अपने उदबोधन में साहू समाज की एकजुटता, अनुशासन एवं कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज संगठन और सामूहिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोग हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालेश्वर साहू (अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन), अश्वनी साहू (महासचिव जिला संघ दुर्ग), विशिष्ट अतिथि विमला साहू (उपाध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन ), किशन हिरवानी (अध्यक्ष परि. साहू संघ अरसनारा, प्रणव शर्मा (सभापति जनपद पंचायत पाटन), महेन्द्र साहू (महासचिव तह. साहू संघ पाटन), सरिता साहू (प्रचार सचिव परि. साहू संघ अरसनारा), (संगठन सचिव परि. साहू संघ अरसनारा), दामिनी साहू और शैलेन्द्री साहू (सरपंच ग्राम पंचायत घुघुवा, क) ने भी सभा को संबोधित किया।

## निपानी में हो रही श्रीमद् भागवत कथा

# श्रीकृष्ण परम योगेश्वर और प्रेरणादायी : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम निपानी में ठाकुर परिवार द्वारा हो रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पंडित उमाशंकर शुक्ला ने कंस वध के प्रसंग का वर्णन सुंदर ढंग से किया। जयकारे की गूंज पूरे पंडाल में गूंजती सुनाई दी। कथा वाचक ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने उसका वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई। दुष्ट कंस के बुलाने पर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई दाऊजी के साथ मथुरा पहुंचे। जहां उनके दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। मल्ल युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।उसके बाद गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं बृज के लोगों को आनंद प्रदान किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने बृज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने भावविभोर कर नृत्य भी किया। कथा रसपान करने विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सोहन जोशी मंडल अध्यक्ष, भविष्य जैन सेक्टर प्रभारी, भेदप्रकाश वर्मा, सत्यनारायण टिकरिहा, मुकेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष ठाकुर,योगेश ठाकुर, पी आर विनायक,ओमप्रकाश,भूपत साहू, जितेंद्र वर्मा, संतोष पटेल, रामलाल देवांगन आदि उपस्थित थे।



**ग्राम पंचायत -अंजोरा**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:**- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00024 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीकृत प्रकरण क्रमांक - **CT202526430100300003**

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी सिद्धार्थ कोठारी पिता/पति-सुरेश कोठारी पता-एच आई जी 160 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, पदम कोठारी पिता/पति-ज्ञान चंद कोठारी पता-एस एम 34 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, पंकज कोठारी पिता/पति-ज्ञान चंद कोठारी पता-एस एम 34 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 100/3 (1.0000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पदम कोठारी पिता/पति-ज्ञान चंद कोठारी पता-एस एम 34 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, सिद्धार्थ कोठारी पिता/पति-सुरेश कोठारी पता-एच आई जी 160 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, पंकज कोठारी पिता/पति-ज्ञान चंद कोठारी पता-एस एम 34 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान ग्राम पंचायत अंजोरा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**सचित**
**ग्राम पंचायत अंजोरा(ख)**
**जनपद पंचायत, दुर्ग**
**वि.ख. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ग्राम पंचायत अंजोरा**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:** - जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00024 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526430100300002

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी वीरेंद्र साहू पिता/पति स्व. मुरली राम साहू पता - अंजोरा ख बलराम साहू पिता/पति स्व. मुरली राम साहू पता- अंजोरा ख, नारायण राम साहू पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता- अंजोरा ख रानी साहू पिता/पति स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख, बिन्दा बाई पिता/पति स्व. मुरली राम साहू पता- अंजोरा ख के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 143/3(0.5416) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता वीरेंद्र साहू पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख, नारायण राम साहू पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख बिन्दा बाई पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख, रानी साहू पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख, बलराम साहू पिता/पति-स्व. मुरली राम साहू पता-अंजोरा ख के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान ग्राम पंचायत अंजोरा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**सचिव**
**ग्राम पंचायत अंजोरा (ख.)**
**जनपद पंचायत, दुर्ग**
**वि.ख. व जिला -दुर्ग (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

ISO 9001:2015 Certified Clinic
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# भिलाई के पॉश इलाके सुंदर नगर में सरकारी नाले की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार इतनी तेजी से फैला है कि यहां भू-माफिया सरकारी जमीन को भी बेचने से पीछे नहीं हट रहे हैं।ऐसा ही एक मामला भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्ग सुंदर नगर क्षेत्र में सामने आया है। यहां केपीएस स्कूल के पीछे बाबा दीपसिंह नगर काफी बड़ी जमीन में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है।

भिलाई नगर निगम के पार्षद और भाजपा नेता इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने वाले हैं। वो पहले इसकी शिकायत कलेक्टर और आयुक्त से करेंगे। यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा। इस लड़ाई में मोहल्ले के लोग भी उनके साथ हैं। जानकारी के मुताबिक वार्ड 20 अंतर्गत केपीएस स्कूल के पीछे एक नाला गुजर रहा है। इस नाले से लगती एक बड़ी खाली जमीन को छोटे छोटे भू-खंडों में काटकर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। कुछ स्थानीय नेताओं का संरक्षण होने के चलते निगम के अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जोन 2 के एक पार्षद ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग करने वाले ने नाले की जमीन को पाटकर उसमें भी प्लॉटिंग की है। यदि निगम ने समय रहते नाली का सीमांकन कर जमीन से अतिक्रमण और प्लॉटिंग को नहीं हटवाया तो कुछ दिन में यहां मकान बन जाएंगे। इसके बाद भू-माफिया नहीं आम लोग परेशान होंगे।

## निगम की लचर कार्रवाई के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंद



### काटे गए 24 प्लॉट

जानकारी के मुताबिक यहां पर भू-माफिया द्वारा जो जमीन का लेआउट काटा गया है उसमें 24 प्लाट हैं, जो अलग-अलग साइज के हैं। अवैध प्लाटिंग करने वाले सोशल मीडिया में इसका प्रचार भी कर रहे हैं। उसमें जमीन का रेट 1200-2800 रुपए वर्ग फिट तक बताया जा रहा है। लोगों की प्रीमियम लोकेशन और प्रीमियम बिजली पानी की सुविधा बताकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### लोगों से सोच समझकर प्लॉट लेने की अपील

इस मामले को लेकर जब वार्ड 20 भाजपा पार्षद स्मिता दोड़के से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वो दिल्ली आई हैं। उन्हें भी अवैध प्लॉटिंग होने की शिकायत मिली है। वो दिल्ली से आकर इसकी शिकायत निगम में करकर इसे रुकवाने की कार्रवाई करेंगे। पार्षद दोड़के ने लोगों से कहा कि वो अवैध प्लॉटिंग में प्लॉट खरीदने से पहले निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों या स्थानीय पार्षद सही जानकारी लें। इसके बाद ही अपनी मेहनत की पूंजी इसमें लगाएं।

## खबर संक्षेप



### गांजा तस्करी में शामिल आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को कार समेत गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत गांजा तस्करी में शामिल रहने की जानकारी मुखबिर ने पुलिस को दी। जुनवानी स्थित इमली तालाब के पास कार में गांजा रखकर अवैध बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम आर्य नगर कोहका निवासी अश्वनी कुमार प्रजापति बताया है। उसके पास से पुलिस ने 2.185 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 04 बी 9230 और मोबाइल जब्त किया गया। सामनों की कीमत 1.71 लाख 50 रुपए का आंका गया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थ गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत दे। कार्रवाई में निरीक्षक राजेश साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। गौरतलब हो कि गांजा तस्करी को लेकर पुलिस कार्रवाई सिफर दिख रही है। खुर्सीपार समेत कई जगहों पर गांजा की तस्करी हो रही है, लेकिन गिने चुने लोगों पर ही कार्रवाई की जा रही है। बड़े तस्कर पुलिस गिरफ्त से आज भी बाहर है। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस गुमराह करती नजर आती है इसका बड़ा उदाहरण खुर्सीपार, दुर्ग, वैशालीनगर, छावनी समेत कई क्षेत्रों ने बेखौफ तरीके से तस्करी हो रही है।

**सर्वर समस्या :** महतारी वंदन योजना और पीडीएस राशन दुकानों में सर्वर समस्या से हितग्राहियों की दिक्कतें बढ़ी

# ई-केवाईसी के लिए 'लू' में जूझने को मजबूर हो रही हैं हजारों महिला हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महतारी वंदन योजना का ई-केवाईसी सर्वर डाउन होने से महतारियों को भरी गर्मी में केवाईसी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

भरी गर्मी में शासन ने हितग्राही महिलाओं को ई-केवाईसी करवाने का आदेश जारी किया है। जून महीने तक ही समय है और दुर्ग जिले की 4 लाख महिला हितग्राहियों को अपना ई केवाईसी करवाना है। अप्रैल महीने से ई-केवाईसी शुरू हुआ है। अभी मात्र 19 दिन हुए हैं। महिला बाल विकास विभाग का हाल यह है कि दुर्ग जिले में अब तक कितने हितग्राहियों का ई-केवाईसी हुआ है, इसका डाटा तक नहीं है। सूत्र बताते हैं कि अब तक केवल 25 प्रतिशत ही महिलाओं ने ई-केवाईसी करवाया है। इन दिनों दुर्ग जिला लू की चपेट में हैं और आने वाले दोनों महीने में भी भीषण गर्मी की चेतावनी मौसम विभाग की है। ऐसे में बाकी दो महीने में 75 प्रतिशत करीब 3 लाख महिलाओं का ई-केवाईसी होना है।

## लोक सेवा केंद्रों में ई-केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़



### सर्वर डाउन होने की वजह से घंटों का इंतजार

हितग्राही महिलाओं ने बताया कि लोक सेवा केंद्रों में सर्वर डाउन होने की समस्या से उन्हें दो-चार होना पड़ रहा है। इसकी वजह से भरी गर्मी में लू के बीच उन्हें घंटों लाइन व भीड़ में खड़े रहना पड़ रहा है। महिलाएं अपना ई-केवाईसी कराने के लिए इसलिए परेशान हैं क्योंकि एक या दो तारीख को महतारी वंदन का पैसा उनके खाते में आता है। ई केवाईसी नहीं हुआ तो मई महीने की किश्त नहीं मिला पाएगी। इसलिए महिलाओं की भीड़ बड़ी संख्या में लोक सेवा केंद्र पहुंच रही है।

### लोक सेवा केंद्रों में न बैठने न पानी का इंतजाम

लोक सेवा केंद्रों का हाल भी बेहाल है। यहां हितग्राही महिलाओं को न बैठने और न पानी की सुविधा दी जा रही है। महिलाएं बताती हैं कि ज्यादातर लोक सेवा केंद्र छोटे से शॉप में संचालित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति दुर्ग भिलाई के ज्यादातर केंद्रों की है। वे बताती हैं कि सेवा केंद्रों के भीतर मुश्किल से तीन महिलाएं ही खड़ी हो सकती हैं। बाकी को धूप में बाहर खड़े रहना पड़ता है। भीषण गर्मी में पानी तक का इंतजाम नहीं हैं। जो महिलाएं पानी लेकर नहीं जाती उन्हें प्यासे रहकर लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है।

### पहले आंगनबाड़ी का चक्कर उसके बाद लोक सेवा केंद्रों में ई-केवाईसी

हितग्राही महिलाएं बताती हैं कि महतारी वंदन योजना में पहले जो रजिस्ट्रेशन करवाया गया है वहीं नंबर लेकर लोक सेवा केंद्रों में जाना है। इसके लिए पहले अपने नजदीकी आंगनबाड़ी में जाना पड़ता है। वहां से एक नंबर लेना हैं। रजिस्ट्रेशन नंबर आंगनबाड़ी से लेने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ढूढ़ना पड़ रहा है। शादी-व्याह का सीजन चल रहा है इसलिए कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिल नहीं रही। रजिस्ट्रेशन नंबर के बिना ई केवाईसी हो नहीं सकता। रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर और आधार कार्ड लेकर लोक सेवा केंद्रों में जाने के बाद ईकेवाईसी हो रहा है। कई आंगनबाड़ी केंद्र में हितग्राहियों की सूची चस्पा नहीं है। जिसकी वजह से वार्ड पार्षद के पास जाना पड़ रहा है।

### डाटा कलेक्ट करवाता हूं

दुर्ग जिलेभर में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का ईकेवाईसी चल रहा है। कितने हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ है इसका डाटा कलेक्ट करवाता हूं। अभी तीन महीने का समय है।

-आरके जामुलकर,
महिला एवं बाल विकास अधिकारी दुर्ग

# राशन के लिए हो रहा घंटों इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अप्रैल महीने से पीडीएस हितग्राहियों को एक साथ तीन महीने का राशन दिया जा रहा है लेकिन सर्वर डाउन होने की समस्या कम नहीं हुई है। इस भीषण गर्मी में राशन लेने के लिए हितग्राहियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति दुर्ग जिले में 656 पीडीएस राशन दुकानों की है। इन दुकानों में 4०90 लाख हितग्राहियों को राशन लेने के लिए भीषण गर्मी में जूझना पड़ रहा है।

### सर्वर की समस्या से ओटीपी नहीं आ रही

हितग्राही बतातें हैं कि तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। थम्ब लगाने के बाद मोबाइल में ओटीपी आती है। सर्वर की समस्या के चलते कई बार अंगूठा लगता ही नहीं। इसलिए मोबाइल में ओटीपी भी नहीं आती। अंगूठा लगाने व ओटीपी के लिए आधे घंटे से कम नहीं लग रहे। जिसकी वजह से समय अधिक लग रहा है और भीड़ जमा हो जा रही है। काम.काज छोड़कर राशन दुकानों में अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

### पीडीएस दुकानों में राशन का टोटा

पीडीएस दुकानदार बताते हैं कि आधे से ज्यादा पीडीएस दुकानों में राशन का टोटा हो गया है। इसलिए पूरे तीन महीने का राशन बांटने में दक्कितें आ रही है। किसी हितग्राही को दो महीने का ही राशन दे रहे है तो किसी को लौटा रहे हैं कि स्टॉक आने के बाद एक साथ राशन ले जाना। राशन दुकानों में लोग कामकाज छोड़कर पहुंच रहे हैं। एक बार नहीं कई चक्कर के बाद राशन हाथ आ रहा है।

# लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब में पुलिस की दबिश, संचालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- 64 बोतल बियर जब्त
- छत पर रख गया था

जुनवानी सूर्यामॉल में संचालित लिस्टोमेनिया किचन एंड क्लब में लंबे समय से अवैध बियर बेचने की शिकायत मिल रही थी। स्मृति नगर पुलिस ने सूचना पर 18 अप्रैल की रात यहां दबिश दी। वहां 64 बियर जब्त की गई। संचालक सेक्टर-04 भिलाई निवासी संजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि क्लब निर्धारित समय के बाद भी खुला रहता था। पुलिस ने बताया कि क्लब संचालक ने बीयर की बोतलों को छत पर छिपाकर रखा था। पुलिस ने स्टॉक कंपनी की बीयर जब्त की। जिसकी कुल मात्रा 41.600 बल्क लीटर बताई गई है। आरोप है कि यहां कस्टमरों को कल्ब लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी चोरी-छिपे शराब बेची जाती थी। पुलिस ने बताया कि संचालक संजय गुप्ता बीते 6 माह से क्लब को संचालित कर रहा है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि क्लब के संचालक संजय गुप्ता के खिलाफ जुर्म दर्ज जांच की जा रही है।

# पंपों के दुरुपयोग से बढ़ रहा संकट, गर्मी में पानी-बिजली बचाने सांसद विजय ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच पानी और बिजली की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। इसी स्थिति को देखते हुए सांसद विजय बघेल ने आमजनता से पानी और बिजली के सदुपयोग के साथ जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की है।



- फ्लैट और बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा

सांसद ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। वहीं, कई जगहों पर टुल्लू पंपों के अवैध उपयोग से स्थिति और बिगड़ रही है। पाइपलाइन से पानी को जबरन खींचने के कारण फ्लैट और बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, टुल्लू पंपों के इस्तेमाल से जल वितरण असंतुलित हो रहा है। कुछ घरों में जरूरत से ज्यादा पानी पहुंच रहा है, जबकि कई परिवारों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। इससे मोहल्लों में असंतोष भी बढ़ने लगा है। बिजली के उपयोग को लेकर भी चिंता जताई गई है। गार्डन, मैदान और सार्वजनिक स्थानों पर दिन-रात अनावश्यक रूप से लाइटें जलने से बिजली का लोड बढ़ रहा है। यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ा बिजली संकट सामने आ सकता है।जल संरक्षण को लेकर पर्यावरणविदों ने हर घर में सोख्ता पिट यानी रेन वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाने की सलाह दी है। इससे वर्षा जल को जमीन में वापस पहुंचाया जा सकेगा और गिरते भूजल स्तर को संभालने में मदद मिलेगी।सांसद विजय बघेल ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पानी और बिजली का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करें और भविष्य के लिए जल संरक्षण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि टुल्लू पंपों के दुरुपयोग पर कार्रवाई करें, अनावश्यक बिजली खपत को रोकें और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को तेजी से लागू करें।

# बिना टिकट यात्रा और अनाधिकृत वेंडिंग करने वालों पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- वाणिज्य विभाग ने चलाया अभियान

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और पदार्थों की स्वच्छता, गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास निरंतर कर रही है। अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा करने वाले अनियमित यात्रियों की जांच की गई। जिसके तहत बिना टिकट यात्रा करने वालो पर जुर्माना वसूला गया। स्टेशनों एवं ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से वेंडिंग करने वाले व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन पर 4 वाणिज्य निरीक्षक, 2 टीटीई कर्मी के साथ दुर्ग स्टेशन पर अनियमित यात्रियों, अनाधिकृत वेंडिंग के खिलाफ वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। रेल अधिनियम 144 के तहत 8, 145 ई के तहत 3, 145 और 147 क तहत 4 ,147 के तहत 1 कुल 16 पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा 59 बिना टिकट, 15 अनियमित टिकिट, 2 बिना बुक किये समान वाले यात्रियों पर जुर्माना कुल 49 हजार 100 वसूल किया।

### यात्रियों से की गई ये अपील

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पेस्ट कंट्रोल ड्राइव के तहत स्टेशन से गुजरने वाले ट्रेनों के पैंट्रीकार की जांच की गई। ट्रेन 12810 हावड़ा मुंबई मेल में पेस्ट कंट्रोल करने के बाद भी कॉकरोच पाए गए। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे वैद्य टिकट लेकर ही यात्रा करें। अधिकृत वेंडरों से ही खाद्य सामग्री एवं अन्य वस्तुएं खरीदें, जिससे सुरक्षित, सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित हो सके। असुविधा होने पर 139 अथवा रेल मदद का उपयोग करें।

# अंधेरे व मच्छरों के बीच हुआ रतजगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- सेक्टर 7 और 6 में बीती रात चार घंटे रही बिजली गुल

शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही टाउनशिप में बिजली गुल होने का सिलसिला शुरु हो गया है। बीती रात सेक्टर 7 और सेक्टर 8 में रातभर बिजली की आंखमिचौली से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी गर्मी के साथ अंधेरे और के बीच लोग रतजगा करते रहे। टाउनशिप में पारा 42 डिग्री पहुंचते ही रहवासियों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या दुबले पर दो आषाढ़ की तरह साबित हो रही है। दिन में जहां बिजली आ जा रही है वहीं रात में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार को सेक्टर 7 और सेक्टर 6 में शाम 8.30 बजे गई बिजली रात 12 बजे आई। इसके बाद रात भर बिजली की आंखमिचौली का सिलसिला चलता रहा। इस कारण रहवासी भारी गर्मी और उमस से पसीने से लथपथ होकर रतजगा करते रहे। कई लोग भारी बेचैनी से परिवार के आंगन में बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहे हैं । वहीं अनेक लोग देर रात तक सड़कों में टलहलते हुए और मैदानों में बैठे रहे। वहीं कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों व मित्रों के घरे रात गुजारी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों दिन में जहां बिजली गुल हो रही है वहीं रात में भी बिजली की आंखमिचौली जारी होने से हलाकान होना पड़ रहा है। भारी गर्मी और मच्छरों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों और फर्स्ट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मियों को हो रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
मिनिमल इनवेसिव, लैप्रोस्कोपिक व रोबोटिक कैंसर सर्जरी हेतु कुशल टीम
डॉ. युसूफ मेमन — डायरेक्टर, कैंसर सर्जन, MS, FSOG, FIAGES, FMAS
डॉ. अर्पण चतुरमोहता — MS, MCH, FIAGES HOD, सर्जिकल डायरेक्टर, कैंसर सर्जन
डॉ. मौ रॉय — MBBS, MS, MCh, क्लिनिकल डायरेक्टर,कैंसर सर्जन
डॉ. विवेक पटेल — MBBS, MS, MCh कैंसर सर्जन
डॉ. कल्याण पांडेय — MBBS, MS, MCh, कैंसर सर्जन
डॉ. विकास अग्रवाल — MBBS, DINBN, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS, कैंसर सर्जन
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग., +91 7389905010, 04010

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
छत्तीसगढ़ की एकमात्र "O-Arm with Artificial Intelligence Navigation Machine"
• ओ-आर्म असिस्टेड मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी
• स्कोलियोसिस सर्जरी • माइक्रो एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी • T-LIF सर्जरी
• सर्वाइकल एवं क्रैनियोवर्टेब्रल स्पाइन सर्जरी • स्पाइनल कैंसर एवं ट्यूमर
स्पाईन केयर क्लिनिक
डॉ. मनीन्द्र भूषण — MS, DNB (Ortho), FNB (Spine Surgery)
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. संदेश अग्रवाल — MS (Ortho), FISS FMISS Robotic and Minimally Invasive Spine Surgeon
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

इतिहास के पन्नों से जीवंत हुई...

लाइव इवेंट

## इंडियन फार्माकोपिया 2026 का विमोचन, अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा



**भिलाई।** फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए दवाओं की शुद्धता, निर्माण, प्रभावी उपयोग और परीक्षण विधि का संकलित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए इंडियन फार्माकोपिया 2026 पुस्तक का विमोचन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति आईपी मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इंडियन फार्माकोपिया गुणवत्ता का मानक दस्तावेज है, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनवरी में दिशा-निर्देश एवं मानक गाइडलाइन के रूप में जारी किया था। विश्वविद्यालय ने इसे पुस्तक रूप में प्रकाशित कर फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए संकलित दस्तावेज उपलब्ध कराया है।

### विद्यार्थियों को मिलेगी व्यावहारिक दक्षता

फार्मेसी संकाय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. स्वर्णाली दास पाल ने बताया कि इंडियन फार्माकोपिया 2026 के माध्यम से विद्यार्थी दवाओं की गुणवत्ता परखना सीख सकेंगे। वे नियमों, मानकों, परीक्षण विधि और औषधि के प्रभाव पर उच्चस्तरीय ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय में इसके समावेश से उद्योग उन्मुख फार्मेसी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और हम विद्यार्थियों को करियर निर्माण की दिशा में आत्मनिर्भर भी बना सकेंगे। कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि इसे शिक्षा प्रणाली में शामिल करना आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। छात्र विश्वस्तरीय स्वास्थ्यगत चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे और समाधान भी निकाल सकेंगे। कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यही उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण, कौशल युक्त शिक्षा विद्यार्थियों को उपलब्ध हो। फार्मेसी में बढ़ते अनुसंधान कार्यों के लिए यह किताब मील का पत्थर साबित होगी। विश्वस्तरीय शोध कार्य के लिए शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हेमंत बडवाइक ने कहा कि औषधि निर्माण में आधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों एवं नियामक दिशा-निर्देशों की गहन समझ आवश्यक है। इस नवाचार से विद्यार्थियों को बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर कुलपति डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. देवेंद्र कुमार साहू, डॉ. आलोक सिंह ठाकुर, डॉ. आशीष पांडे सहित प्राध्यापक उपस्थित थे।



लाइव इवेंट

## नैसर्गिक योग चिकित्सा का ले रहे लाभ, पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम



**भिलाई।** कैलाश नगर स्थित नैसर्गिक योग चिकित्सा केंद्र में स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह और शाम योग और मेडिटेशन की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं में योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है, जिससे सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा हैं। इसी कड़ी में योग गुरु स्वदेश शुक्ल द्वारा अपने जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हुए बढ़ रही गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी पिलाने सकोरा रखा गया, साथ ही योग करने आने वाली महिलाओं और पुरुषों के लिए मटका की व्यवस्था की गई। गर्मी से बचाव और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक बेल के वृक्ष का पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी हिरवानी ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बहन वर्षा। कार्यक्रम का संचालन उमा यादव ने किया। इस सेवा कार्य के आयोजन में योग करने आने वाले सभी योग करने वाले महिला और पुरूष सदस्यों का योगदान रहा। स्वदेश शुक्ला ने बताया कि योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस योग क्लास में कोई भी इच्छुक नागरिक अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए योगा सेंटर से जुड़ कर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।



● विशेष पूजा-अर्चना, कथा व महाआरती के साथ परंपरागत गुड्डा-गुड्डी विवाह भी हुआ आयोजित

# विष्णु के छठे अवतार परशुराम का मनाया प्रगटोत्सव, चारों वेदों और शस्त्रों की पूजा कर हुई महाआरती, कराया पुतरा-पुतरी विवाह

**अक्षय तृतीया के अवसर पर ट्विनसिटी में अनेक आयोजन किये गए। इसी कड़ी में गंजपारा स्थित सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार, ब्राह्मणों के आराध्य देव परशुराम का प्रगटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान चारों वेदों एवं शस्त्रों की विधिवत पूजा भी की गई। कई स्थानों में आज यानी सोमवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

**भिलाई।** समिति के मोनू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर सुबह 11 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडे द्वारा भगवान परशुराम की संक्षिप्त कथा का व्याख्यान किया गया, जिसके बाद संगीतमय परशुराम चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद दोपहर 12 बजे भगवान परशुराम की महाआरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### परशुराम चिरंजीवी, उनकी कृपा से कठिनाइयों का निवारण संभव

पंडित सुनील पांडे ने कथा के दौरान बताया कि भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं तथा उनकी कृपा से जीवन की अनेक कठिनाइयों का निवारण संभव है। उन्होंने कहा कि परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका थीं। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर इंद्र देव के आशीर्वाद से अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जन्म के समय उनका नाम राम रखा गया। परशुराम की शिक्षा उनके दादा ऋचिक और पिता जमदग्नि से मिली थी। बालक राम ने बचपन से ही अद्भुत पराक्रम और तेज का परिचय दिया। उनकी साधना और समर्पण से प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अपना दिव्य अस्त्र परशु यानी फरसा प्रदान किया, साथ ही चिरंजीवी होने का वरदान भी दिया। जिसके बाद राम परशुराम के नाम से जाने गए। वे एक ऐसे योद्धा थे जिनका हर कार्य धर्म की रक्षा के लिए था। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के संतुलन के प्रतीक हैं। उनका जीवन यह संदेश देता है कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म की रक्षा एवं समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए।



### पुतरा-पुतरी का कराया विवाह

इस अवसर पर मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुसार मिट्टी के गुड्डा-गुड्डी पुतरा-पुतरी का विवाह भी संपन्न कराया गया, जो सुख-समृद्धि एवं बच्चों में संस्कारों के विकास का प्रतीक है। इस दौरान बच्चों से लेकर बड़े भी उत्सहित दिखाई दिये।





### शस्त्र और शास्त्र का संतुलन

परशुराम एक ब्राह्मण होते हुए भी योद्धा थे। जो ज्ञान और पराक्रम के संगम का प्रतीक है। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है सिर्फ शारीरिक शक्ति नहीं बल्कि जीवन में तरक्की के लिए ज्ञान की भी जरुरत होती है। शक्ति का उपयोग सदैव समाज के कल्याण और अन्याय को मिटाने के लिए होना चाहिए न कि किसी का अहित करने के लिए। यह निडर ब्राह्मण योद्धा उन क्षत्रियों को दंड देने के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने अत्याचार किए और इसलिए यह दिन हिंदुओं के लिए खास धार्मिक महत्व रखता है। कार्यक्रम में चारों वेदों और शस्त्रों की पूजा भी की गई।

कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, घनश्याम पंड्या, राजेंद्र शर्मा, चंदू शर्मा, प्रमोद जोशी, प्रतिभा, सुरेश गुप्ता, कमल शर्मा, जीतू शर्मा, राहुल शर्मा, ललित शर्मा, राजू पुरोहित, राजेश शर्मा, निर्मल शर्मा, प्रशांत कश्यप, घनश्याम बंद्रा, अधिवक्ता तरुण पांडे, ईशान शर्मा, चंचल, संजय शर्मा, आभा, सुमन, बंटी शर्मा, मुस्कान शर्मा, कृष्णा शर्मा, सार्थक शर्मा, मोक्ष शर्मा, राम शर्मा, हृदय शर्मा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़ेंगी महिलाएं, निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**भिलाई।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें कौशल विकास से जोड़ने के लिए सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन प्रवास आंध्रपाठशाला वृंदानगर कैंप-1 में रविवार को किया गया। सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई की पहल से यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें कौशल विकास से जोड़ने एवं रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके तहत महिलाओं को दोना पत्तल, रुई बाती, वाईपर, मोप, झोला, सिलाई, कड़ाई,ब्यूटीपार्लर से सम्बंधित निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, प्रवास आंध्रपाठशाला के अध्यक्ष पापा राव, महासचिव दिनेश राव, मोहन राव विशेष रुप से मौजूद रहे। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वर राव, बी कोलम्मा, निर्मला देवी, प्रमिला देवी, पार्षद अरविन्द राय, योगेश राव, जी राजू, शैक्षणिक संस्था के शिक्षक सहित आदर्श नगर, कैंप-1, अर्जुन नगर, स्टील नगर, एवं वृंदा नगर से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।





## बच्चों को दिया ग्लूकोज बोतल राहगीरों को बांटा गया शरबत



**भिलाई।** लगातार बढ़ रही गर्मी से राहत दिलाने रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था एवं स्व सहायता समूह उरला के तत्वावधान में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र उरला में बच्चों को पानी का बोटल में ग्लुकोज भर कर नन्हे बालक-बालिकाओं को बांटा गया। संस्था के द्वारा हुडको में शर्बत वितरण किया गया। यह आयोजन संस्था की अंजु देवांगन,

नेहा देवांगन, बिन्दु ठाकुर संस्था संरक्षक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष नंदनी साहू, कोषाध्यक्ष सारदा शर्मा, गंगोत्री साहु, खीलेश्वरी साहु, शान्ता शर्मा उपस्थित रहीं।

हरिभूमि फिल्मोत्सव का रंगारंग आयोजन, चन्द्रा-मौर्या टाकीज में दिखाया गया छत्तीसगढ़ी फिल्म

कार्नर न्यूज

# बच्चों की खिलखिलाहट से गूंजी टॉकीज, परिवार के साथ लिया छत्तीसगढ़ी फिल्म का आनंद

**भिलाई।** शहर में रविवार का दिन कुछ अलग रहा। हरिभूमि और प्रेम इंटरप्राइजेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फिल्मोत्सव ने चन्द्रा-मौर्या टाकीज को फिर से पुराने दौर की रौनक से भर दिया। छत्तीसगढ़िया फिल्म के प्रदर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का उत्साह देखने लायक था। थिएटर के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं और शो शुरू होते-होते पूरा हॉल खचाखच भर गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर, भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के उप कुलपति डॉ. आलोक भट्ट और ओम ज्वेलर्स के संचालक विशेष रूप से मौजूद रहे। हरिभूमि परिवार की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत सत्र से हुई, जिसमें हरिभूमि के यूनिट हेड विजय प्रसाद मंडल, पत्रकार जाकिर हुसैन, पत्रकार सुवांकर रॉय, संजय पाण्डेय सहित कौशिक चटर्जी, राजू पाण्डेय, राजू डोरा, पिंकी चौधरी, बलदाऊ पाण्डेय, तोप सिंह और राजीव पाण्डेय ने अतिथियों का अभिनंदन किया। आयोजन में स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे माहौल उत्सव जैसा बन गया।इसके बाद बच्चों के लिए विशेष रूप से फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्क्रीन पर चल रही फिल्म के साथ बच्चों की हंसी और तालियों की गूंज पूरे थिएटर में सुनाई देती रही। बच्चों के चेहरे पर दिख रही खुशी इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता साबित हुई। लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का मौका मिलने से बच्चे ही नहीं, बड़े भी उतने ही उत्साहित नजर आए।आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि बच्चों और परिवारों को एक सकारात्मक और सामूहिक माहौल देना भी था। भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच यह आयोजन लोगों के लिए एक राहत भरा अनुभव लेकर आया। कई परिवारों ने लंबे समय बाद साथ बैठकर फिल्म देखी और इस पल को खास बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने हरिभूमि और सहयोगी संस्था का आभार जताया। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजन शहर में समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि समाज में आपसी जुड़ाव और खुशी का माहौल बना रहे।





समाज इवेंट

## काबा शरीफ पर पहली नजर पड़ते ही मांगी दुआएं



**दुर्ग।** हज के मुबारक सफर पर जाने वाले दुर्ग-भिलाई के हुज्जाजे इकराम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सुभाष नगर दुर्ग मस्जिद खैरूल अनाम दारूल उलूम में रखी गई। इस दौरान मौजूद लोगों को मास्टर प्रशिक्षक हज हाउस नागपुर के इंजीनियर शाहिद ने हज के फ़र्ज़, वाजिबात, सुन्नत और नवाफिल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सफर हज के दौरान तमाम जगहों पर दुआओं की खास एहतियात करें। मुजदलफा और मीना पर कयाम (रुकने) की नीयत का करना, सफा और मरवा की सई करना और काबे का तवाफ और एहराम बांधने का सही तरीका उन्होंने बताया। इस दौरान अपने साथ जरूरी सामान रखना चाहिए। मदीना मुबारक के सफर मे हुज़ूर के रोज़े पर हाजिरी और जियारत, मदीना में अदब व एहतराम के साथ चलना, दरूद और सलाम पेश करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 8 दिन मे 40 नमाज मस्जिद नबवी में पढ़ें। इसका सवाब बहुत है। इस दौरान इंजीनियर हाजी शाहिद ने कहा कि हज फ़र्ज़ होने पर अदा किया जाता है। मास्टर ट्रेनर हाजी शाहिद ने कहा कि काबा के ऊपर पहली नज़र पढ़ते ही जो दुआ मांगो कुबूल हो जाती है इस खास दुआ में अपने व सभी करीबी लोगों के लिए हिदायत, सीधे रास्ते पर चलने, गुनाहों से बचने और इंसानियत के लिए दुआ जरूर करें। औरतें कांच की चूड़ियां न पहनें, मुमकिन है भीड़ में टूट जाएं और नुकसान का कारण बने। आखिर में सैय्यद जमीर ने दुर्ग भिलाई के साथ पूरे सूबा छत्तीसगढ़ की खुशहाली, तरक्की, अमन व चैन की दुआ की। वहीं हाजियों के सफर को आसानी बनाने और कुबूलियल की दुआ की गई। आयोजन में सदर मीर हमीद , सेक्रेटरी मोहम्मद साजिद खान, शकील चौधरी, मोहम्मद सरफराज, सलीम, सैय्यद असलम, मुशीर, साजिद, सैय्यद रिजवान अहमद, हारुन अंसारी, नैय्यर इकबाल, हम्जा, ओवैस, साजिद अनवर और मोहम्मद नासिर सहित बड़ी तादाद में हज पर जाने वाले व खिदमत करने वाले लोग मौजूद थे।

■ सुभाष नगर दुर्ग मस्जिद खैरुल अनाम दारुल उलूम में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

सिटी लाइव

## सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल और श्रीफल देकर दी विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की पहली सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 दवरा अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गा। जिसमें मार्च और उसके पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से निवृत्त हुए सदस्यों को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोसायटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने सेवानिवृत्त सदस्यों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान कर सोसायटी में जमा उनकी निधियों का खातादेय चेक प्रदान किया। इस दौरान मिश्र ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोसायटी ने बीएसपी कर्मियों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है,वह सभी वरिष्ठ कर्मियों की बदौलत है। इस अवसर पर उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों के स्वस्थ,सुखमय एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। आयोजन में रिटायर कर्मियों ने सेक्टर-6 सोसाइटी के कामकाज की खुल कर सराहना की। इन वरिष्ठ कर्मियों ने कहा कि यहां ऋण वितरण और डिविडेंड देने का सिस्टम बेहतरीन है। इन रिटायर कर्मियों में वाटर मैनेजमेंट के सुनील कुमार रावत सहित कई अन्य ने भी सोसाइटी की कार्यप्रणाली और स्टाफ के व्यवहार की सराहना की। अपने अनुभव बांटते हुए इन पूर्व कर्मियों ने कहा कि यहां लोन बिना किसी देरी के शीघ्र मिलता रहा और किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं रही।इस अवसर पर रिटायर कर्मियों में डेनिस क्रिस्टी, राधेश्याम, देवानंद साहू, विजय कुमार, गुरुदत्त देशपांडे, गुरुनाथ, सुनील देशमुख, पीतांबर लाल, पतिराम ठाकुर, महेंद्र सिंह, डी कामराजू, राजेंद्र सिंह, दिलेश्वर राव, हेमेंद्र कुमार सोनवा, गोपीचंद, अनंतराम रमेश, धर्मदास, मनोहर लाल ठाकुर, सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन संस्था के प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार प्रदर्शन वरिष्ट सहायक चंचल प्रसाद तिवारी ने व्यक्त किया।

समाज इवेंट

## बाबा साहब की जयंती मनाई गई



**भिलाई।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती पर आज पूरब मंडल द्वारा सेक्टर 1 बीएसएनल चौक पर अंबेडकर जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उनके द्वारा जीवन में दिए गए संदेश पर प्रकाश डाला गया। जयंती के अवसर पर सभी लोगों को मिठाइयां बांटी गई। कार्यक्रम पूरब मंडल मंडल अध्यक्ष रोहित साहू के नेतृत्व में किया। इस दौरान मनोज साव, मोंटू हरपाल,अजय कनौजिया, सीमा देवी, जानकी समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

● मंच पर देश की वीरांगनाओं के संघर्ष और बलिदान को किया गया याद

# इतिहास के पन्नों से जीवंत हुई वीरांगनाएं, दी नृत्य व संगीत से उनके संघर्ष और बलिदानों की प्रस्तुति

भिलाई। रानी चेन्नम्मा, दुर्गावती, तारा देवी, रानी लक्ष्मीबाई सहित देश की वीरांगनाओं के स्वतंत्रता संग्राम और शहादत की कहानियों के जीवंत मंचन देख पूरा सभागार भारत माता की जय ने नारों से गूंज उठा। इस दौरान वीरांगना नृत्य में महिलाओं की शौर्य गाथा की शानदार प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा के 16वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम ने दर्शकों को इतिहास के स्वर्णिम पलों में ले जाकर खड़ा कर दिया। एसएनजी सेक्टर 4 के ऑडिटोरियम में आयोजित इस विशेष आयोजन में देशभक्ति, नारी शक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला।




### भाषा की मर्यादा बनाए रखने का अभियान जरूरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने संस्था द्वारा अपमान जनक गालियों को रोकने के प्रति कार्यों की सराहना करते हुए भाषा की मर्यादा बनाए रखने के अभियान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भाषा की शुद्धता और गरिमा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, बीएसपी के वरिष्ठ महाप्रबंधक उत्पल दत्त, भिलाई महापौर नीरज पाल, सीजू एंथोनी और डॉ. श्रुतिका यादव उपस्थित रहे।

### बेटी के नाम से जानी जाएगी मां, किया गया सम्मान

इस अवसर पर अब बेटी के नाम से जानी जाएगी मां सम्मान के अंतर्गत डॉ. राजर्षि मिश्रा, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, लोक कलाकार जोशी बहनें, रीना दाम और अमरजीत कौर को सम्मानित किया गया। वहीं सावित्री जायसवाल, राजिया बेगम, तस्लीम बी और हेलन धर को भी विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही इंजीनियर्स एसोसिएशन, माइलस्टोन, प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, फाउंडेशन प्ले स्कूल, स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, दुर्ग ट्रैफिक पुलिस, नारी समन्वय मंच सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देबजानी मजूमदार और माधुरी बिजोरिया और आभार व्यक्त संदीप चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में सत्या पांडे, लव कुमार चौधरी, अरविंद वैष्णव, गीता चौधरी, पुनीता कौशल, रीता वैष्णव, ज्योति सिंह, संध्या तिवारी, कुदसिया अली, संगीता जायसवाल, राजश्री नायर, अनिल जायसवाल, रूपाली पटेल, वंदना नाडंबर, वर्षा कुमारी, डॉ. कृतिका वैष्णव, डॉ.अक्षुणा वैष्णव, राजकुमारी कनोजे, मिथिलेश, प्रताप सिंह, प्रशांत गुप्ता, देव साहू, खिलेश्वर देवांगन योगेश कुमार, सूरज ने भी कार्यक्रम में भूमिका निभाई। इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



### जयहिंद के नारों से गूंज उठा सभागार

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगनाओं की गाथाएं मंच के माध्यम से जीवंत हो उठीं। रानी चेन्नम्मा, रानी दुर्गावती, अब्बाका चौटा, वेलु नाचीयार से लेकर कल्पना दत्त, मातंगिनी हाजरा, बीबी दलेर कौर और प्रीतिलता वादेदार जैसी वीरांगनाओं के संघर्ष और बलिदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। सभागार भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जयहिंद के नारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में कविता मंचन ने दर्शकों को विशेष रूप से भावुक कर दिया। संस्था की निदेशक डॉ. सोनाली चक्रवर्ती द्वारा रचित कविताओं में स्त्री मन के सपनों, संघर्षों और संवेदनाओं को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया। तबला वादक रविंद्र कर्मकार के तबला वादन ने प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया। मधु देवांगन के नृत्य निर्देशन में शिल्पी शर्मा, लक्ष्मी साहू, ज्योति गांधी, बिंदु नायक और रतना दुफारे ने सपनों के भाव बनकर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं वीरांगना नृत्य में रुमा डे के निर्देशन में रीता वैष्णव, सुदेशना वर्धन, राजश्री नायर और कमल चक्रवर्ती की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में जोश भर दिया।

वैदिक मार्ग लोकमंगल महायज्ञ

## यज्ञ क्रिया नहीं, दूसरों के लिए जीने का भाव है, लोकमंगल महायज्ञ में दी आहूति

**भिलाई।** सबके लिए जीने का वैदिक मार्ग लोकमंगल महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने यज्ञ के वास्तविक स्वरूप को गहराई से उजागर किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने की क्रिया नहीं, बल्कि उच्च जीवन जीने की कला है।

आचार्य डॉ. आर्य ने कहा कि यज्ञ का मूल भाव है दूसरों के लिए जीना, परोपकार करना और जीवन में अपने ऋण को चुकाना। जब तक यह भावना नहीं जागती, तब तक कोई भी यज्ञ पूर्ण नहीं होता। मनुष्य प्रकृति से निरंतर लेता है वायु, जल, अन्न, ऊर्जा पर क्या उतना ही लौटाता है? यही प्रश्न आज के दुःख का कारण भी है। हम लेना जानते हैं, देना अभी सीखना बाकी है। उन्होंने वेद का संदेश दोहराया, सौ हाथों से ग्रहण करो और हजार हाथों से लौटाओं यानी जितना मिला है, उससे कई गुना समाज को लौटाने का संकल्प ही यज्ञ है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा आज इंसान इतना व्यस्त है कि कमाने का समय है, खर्च करने का समय है, लेकिन देने का समय नहीं है। यही असंतुलन जीवन को अशांत बनाता है।



यज्ञ के गूढ़ अर्थ को समझाते हुए सहस्त्र शब्द की व्याख्या की। सहस्त्र का अर्थ केवल संख्या नहीं, बल्कि अनेकता और व्यापकता है। जैसे सहस्त्रबाहु का अर्थ हजार भुजाएं नहीं, बल्कि हजार भुजाओं के समान शक्ति होना है। उसी प्रकार मनुष्य को भी अपनी क्षमता का विस्तार करना चाहिए केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए। आचार्य ने कहा कि यज्ञ की सहस्त्रधारा स्नेह की धारा है। जैसे घी अग्नि में समर्पित होता है, वैसे ही जीवन में स्नेह, सरलता और मधुरता का प्रवाह बना रहना चाहिए। जीवन में स्नेह की धारा टूटनी नहीं चाहिए। प्रवचन में जीवन को बदलने के सरल सूत्र दिए गए। कम लो-ज्यादा दो, स्वार्थ घटाओ सेवा बढ़ाओ, विचार बदलो-जीवन बदल जाएगा, अपने लिए नहीं, कुछ दूसरों के लिए भी जियो। मनुष्य का शरीर नश्वर है, लेकिन उसके कर्म और उनके फल अक्षय है। जो हम देते हैं, वही हमारे पास लौटकर आता है कई गुना होकर। इसलिए यज्ञ केवल एक दिन का अनुष्ठान नहीं, बल्कि हर दिन का आचरण होना चाहिए। कार्यक्रम में राकेश दुबे द्वारा शंका समाधान सत्र का संयोजन किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश जांगिड़, लोकेश साहू, विनीत शर्मा, संजय शर्मा, देवेश साहू, शैलेन्द्र गिरी, राघव, केशव सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आहुति दी और शांति पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

## अंबेडकर और गुरु घासीदास की मनाई गई जयंती, हुआ भूमिपूजन



**दुर्ग।** ग्राम भटगांव में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सतनाम भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज प्रमुख उपस्थित रहे। अतिथियों ने भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को डॉ. अंबेडकर और गुरु घासीदास के योगदान को याद करने का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों और सतनामी समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का आयोजन सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपने महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बाबा के योगदान को याद रखने दिया संदेश**

दिनभर पूजा-अर्चना, शाम को खिचड़ी भोग और संगीतमय संध्या ने बांधा समां

## पोइला बैशाख पर सेक्टर-6 कालीबाड़ी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, हुई आराधना

कार्नर न्यूज



भिलाई। बंगाली नववर्ष पोइला बैशाख के पावन अवसर पर सेक्टर-6 स्थित भिलाई नगर कालीबाड़ी में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर रात तक निरंतर जारी रहीं। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां काली के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। पूरे दिन भक्ति भाव से सराबोर वातावरण में विधिवत पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। मंदिर परिसर जय मां काली के जयकारों से गूंजता रहा। वहीं श्रद्धालुओं के चेहरों पर नववर्ष के स्वागत की विशेष खुशी और आस्था का भाव स्पष्ट झलक रहा था। लोग एक-दूसरे को बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए प्रणाम करते और गले मिलते नजर आए। संध्या होते ही आयोजन ने और भव्य रूप ले लिया।







### कालीबाड़ी को रौशनी से सजाया गया

श्रद्धालुओं के लिए पारंपरिक खिचड़ी भोग की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने नववर्ष की शुरुआत को पवित्र बनाया। इस अवसर पर भिलाई नगर कालीबाड़ी को रंग-बिरंगी रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था। जगमगाती झालरों, आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों की मनोहारी व्यवस्था ने पूरे परिसर को अलौकिक आभा से भर दिया। रात्रि में आयोजित म्यूजिकल नाईट में नए पुराने गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्वर कोकिला आशा भोसले को श्रद्धांजिल देते हुए उनके सदाबहार और हिट गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं का दिल जीत लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अन्डर-19 में ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन रहे विजेता




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 वूमेन'एस चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम ईस्ट जोन विरुद् साउथ जोन में परिणाम ईस्ट जोन 8 विकेट से विजेता रहा। कल्याण कॉलेज ग्राउंड में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में सेंट्रल जोन 8 विकेट से विजेता रहा। इधर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दौर के दूसरे अंतिम दिन शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड -1 टीम सरगुजा विरुद्ध दंतेवाड़ा में सरगुजा ने 159 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम महासमुंद विरुद्ध कोरबा मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कोरबा को तीन अंक एवं महासमुंद को एक अंक मिला। दल्ली राजहरा में टीम जशपुर विरुद्ध धमतरी मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर जशपुर को तीन अंक और धमतरी को एक अंक मिला। धमतरी में टीम कोरिया जिला विरुद्ध कांकेर में कोरिया जिला ने 6 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। कवर्धा में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध कवर्धा का मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कवर्धा को तीन और बिलासपुर ब्लू को एक अंक मिला। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम जांजगीर चांपा विरुद्ध बस्तर में जांजगीर चांपा ने 8 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए।

### सीनियर नेशनल के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी पुरूष टीम बिहार रवाना



**रायपुर।** रग्बी इण्डिया एवं बिहार रग्बी एसोसिएशन द्वारा सीनियर नेशनल रग्बी सेवेन्स (पुरूष) चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स राजगीर, बिहार में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इस सीनियर नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप में उच्च स्थान हासिल करन वाली 7 टीमें ₹नेशनल गेम्स₹ के लिये क्वालिफाई होगी। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव डॉ. अयाज अहमद खान ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की सीनियर रग्बी सेवेन्स पुरुष टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे है। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी तथा समस्त प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ टीम शनिवार को साऊथ बिहार एक्सप्रेस से सुबह रवाना हुई। खिलाड़ियों में ओम प्रकाश यादव (कप्तान), अंकेश कुमार पाण्डे (उप कप्तान), हरिओम विनायक, विकेश जगत, इंद्रपाल यादव, शुभांश शर्मा, अनुग्रह शर्मा, मिनेश गौतम, सोहन शार्दुल, खेम सिंह, पार्थ कुमार शर्मा, विश्व जीत पैकरा, कोच- ढ़ाल सिंह एवं मैनेजर भारत यादव शामिल है।

### अंडर-19 के कोच बने शांतनु



**भिलाई।** इस्पात नगरी के क्रिकेटर शांतनु घोष को अंडर-19 बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एलिट कैम्प 2026 के लिए बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है। वर्तमान में शांतनु जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-19 बालक टीम के प्रमुख कोच के तौर पर कार्यरत हैं।

### अंडर-23 क्रिकेट में प्रथम के नॉट आउट 102 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-23 सिलेक्शन मैच जारी है। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मैच हुआ। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने पहली पारी में 7 विकेट पर 276 रन बनाए। प्रथम याचक ने नॉट आउट 102 रन, अमृतांश शुक्ला ने 39 रन एवं तेजस मोरे ने 38 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के अंकित कुमार एवं सौम्य केसरी ने 2-2 विकेट लिए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्दन जोन का मैच हुआ। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम पहली पारी में 113 रन पर आउट हुई। कप्तान राहुल प्रधान ने 39 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के आर्यन जायसवाल, भावेश साहू, जितेश वर्मा एवं आराध्या गुप्ता ने दो-दो विकेट लिए।

## ट्रांसफैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा, गलत तरीके और अधिक सेवन से नुकसान


# फैट शरीर के लिए हमेशा नुकसान की वजह नहीं, कई मामलों में जरूरी भी है शरीर के लिए

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है। फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है,हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा,स्किन के लिए महत्वपूर्ण है आदि। फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांसफैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है।



### ट्रांसफैट क्या है



खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट। प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं और इन जानवरों से बने खाद्य पदार्थों (जैसे, दूध और मांस उत्पादों) में इन फैट की मात्रा आ जाती है। वहीं आर्टिफिशिअल या कृत्रिम ट्रांस फैट (या ट्रांस फैटी एसिड) एक इंडस्ट्रियल प्रोसेस से बनाए जाते हैं, जो लिक्विड वनस्पति तेलों को रूम तापमान पर ठोस बनाने के लिए हाइड्रोजनीकरण विधि से बनाया जाता है और उन्हें रासायनिक रूप से बदल दिया जाता है। यह उन्हें लंबे समय तक शेल्फ लाइफ देता है।

आपकी रोजाना ली जाने वाली कैलोरी का 1 प्रतिशत से अधिक ट्रांस फैट का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि अगर कोई 2000 कैलोरी का सेवन कर रहा है, तो 20 कैलोरी से अधिक ट्रांस फैट से नहीं जाना चाहिए।

प्रोसेस फूड के ट्रांसफैट के लिए प्राइमरी डाइट्री सोर्स 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' है। नवंबर 2013 में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक ऑर्डर निकाला था कि आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल को आम तौर पर मानव भोजन में प्रयोग होने के लिए सुरक्षित होने के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भी खाद्य पदार्थों में ट्रांसफैट के इस्तेमाल को कम करने के लिए कुछ नियम जारी किए थे। नियम के मुताबिक, एफएसएसएआई ट्रांसफैट की मात्रा को 2021 तक 3 प्रतिशत और 2022 तक 2 प्रतिशत तक करने के लिए नियम ला रहा है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2022 तक दुनिया को ट्रांस फैट से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। 2003 में नॉर्वे ने फूड में ट्रांस फैट की मात्रा को पूरी तरह से बैन कर दिया था।

### ट्रांसफैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे (एचडीएल) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने में कृत्रिम ट्रांस फैट की भूमिका सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, फैट के अन्य प्रकार या कार्ब्स की बजाय ट्रांस फैट का सेवन करने वाले लोगों का एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई थी।

### ट्रांसफैट इतना फेमस क्यों है ?



1990 से पहले, ट्रांस फैट के बारे में बहुत कम जानकारी थी कि ट्रांस फैट आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन 1990 के दशक में, रिसर्च ने ट्रांस फैट के बारे में रिसर्च शुरू की। इन निष्कर्षों के आधार पर, एफडीए ने ट्रांस फैट के लिए लेबलिंग नियम बनाए और हाल के दशकों में अमेरिका में खपत में कमी आई है। इस कारण से नियमानुसार ट्रांस फैट की मात्रा को किसी भी फूड प्रोडक्ट के लेवल पर मेंशन करना जरूरी हो गया है।



## वर्कआउट करते समय जल्दी नहीं होगी थकान, अपनाएंगे ऐसे टिप्स

जिम में जाकर हैवी वर्कआउट करना हो या दिनभर कोई मुश्किल भरा काम करना हो। किसी के लिए ये आसान होता है तो कुछ लोगों के लिए ये मुश्किलभरा होता है।

जो लोग इस तरह का काम करने में परेशान हो जाते हैं, उन्हें थकान होने लगती है या सांस फूलने लगती है। यह पूरा मामला 'स्टैमिना' से जुड़ा होता है।

जी हां, किसी भी भारी काम को लंबे समय तक करने के लिए जिस फिजिकली पावर की जरूरत होती है, वही स्टेमिना है।

यह बात तो आप जानते ही होंगे कि लाइफ को बेहतर बनाने के लिए माइंड और बॉडी का कनेक्शन जरूरी होता है। जैसे-जैसे आपकी फिजिकली और मेंटली पावर बढ़ेगी, वैसे ही स्टेमिना भी बढ़ेगा। कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए आसान तरीके आजमाते हैं। वहीं कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए बॉडी वेट वर्कआउट करते हैं।

कुछ लोग स्टेमिना बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर इस तरह की टर्म भी सर्च करते हैं -स्टेमिना कैसे बढ़ाएं,स्टेमिना बढ़ाने के घरेलू उपाय स्टेमिना बढ़ाने के आसान तरीके

स्टेमिना बढ़ाने के लिए एक्सरसाइज आदि। फिटनेस लेवल और ताकत पता करके स्ट्रेंथ का पता लगाया जा



सकता है। लेकिन स्टेमिना लेवल का पता लगाने के लिए जिम में हैवी वर्कआउट का समय देखने की जरूरत होती है।

यदि आप भी वर्कआउट करते समय जल्दी थक जाते हैं तो आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने की जरूरत है। आज हम आपको स्टेमिना इम्प्रूव करने के कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करने से धीरे-धीरे रिजल्ट मिल सकते हैं।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो

अधिकतर लोग एक दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं और दूसरे दिन कार्डियो। लेकिन क्या आपने सोचा है कि इन दोनों को एक ही दिन करने से क्या होगा?

यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो वो आपको स्टेमिना और एंड्यूरेंस बढ़ाने से रोकेगा। इसलिए आपको स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियो साथ में करना चाहिए।

कारण है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मास बढ़ता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और स्टैमिना बूस्ट होता है। आपके अंदर ताकत आती है, जिससे आप एक्सरसाइज के दौरान आसानी से हैवी वेट को उठा पाएंगे और कम ऑक्सीजन ग्रहण करेंगे। इससे आपको थकान भी काफी कम होगी।

यदि आप सिर्फ कार्डियो करते हैं तो मसल्स लॉस होने के कारण ताकत कम रहेगी, जिसका रिजल्ट आने वाले दिनों में मिलेगा और आप हैवी वेट नहीं उठा पाएंगे।

### रेस्ट पीरियड कम करें

ट्रेनिंग के दौरान रेस्ट पीरियड कम करने से भी स्टेमिना बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके लिए हमेशा इंटेंस मूवमेंट या एक्सरसाइज करें ताकि रेस्ट पीरियड कम से कम हो।

इस प्रक्रिया में शरीर का स्टेमिना लंबे समय तक बना रहेगा और आप जल्दी-जल्दी हैवी वर्कआउट कर पाएंगे। यानी शुरुआत धीरे-धीरे करें और जल्दी-जल्दी वर्कआउट करके खत्म करें। याद रखें हर सेट के बीच अधिक से अधिक 30 सेकेंड का रेस्ट होना चाहिए।



## शाम के समय आरती की लौ चारों दिशाओं में दिखाना जरूरी, जानिए वजह

बता दें, बिना आरती के पूजा अधूरी मानी जाती है। कुछ लोग आरती करने के बाद पौधे के पास दीपक रखते हैं। जो वास्तु शास्त्र के अनुसार शुभ माना जाता है। अब ऐसे में मंदिर में शाम की आरती के बाद आरती की लौ को चारों दिशाओं में दिखाई जाती है। इसका महत्व जरूर जानिए।

### उत्तर दिशा में आरती की लौ दिखाना

उत्तर दिशा में भगवान शिव और कुबेर देवता का वास होता है। शास्त्रों में भगवान कुबेर को धन-संपत्ति का देवता माना गया है। साथ ही महादेव को दिशा अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। इससे व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलते हैं और सुख-समृद्धि की भी प्राप्ति होती है।

### पश्चिम दिशा में आरती की लौ दिखाना

पश्चिम दिशा शनिदेव की मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में संध्या के समय आरती की लौ दिखाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिशा में आरती की दिखाने से व्यक्ति पर शनिदेव की कृपा बनी रहती है और शनि दोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

### पूर्व दिशा में आरती की लौ दिखाना

पूर्व दिशा भगवान विष्णु की दिशा मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में आरती की लौ दिखानी चाहिए। इससे विष्णु जी प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है। इस दिशा में आरती की लौ दिखाने से सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### दक्षिण दिशा में आरती की लौ दिखाना

दक्षिण दिशा यम और पितरों का दिशा माना जाता है।



इसलिए इस दिशा में संध्या की आरती दिखाने से पितृ प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को अकाल मृत्यु से भी छुटकारा मिल सकता है । इसलिए इस दिशा में संध्या आरती दिखाएं।

### आरती करने के नियम क्या हैं?

अगर आप आरती कर रहे हैं, तो एक ही स्थान पर खड़े होकर करनी चाहिए। आरती करने के दौरान थोड़ा झूकना चाहिए। आरती करते समय भगवान की चरणों की ओर चार बार, नाभि की और दो बार, मुख की ओर एक बार और शरीर की सभी अंगों की ओर सात बार करनी चाहिए। इसलिए इस बात का ध्यान अवश्य रखें।

## चावल से बनी कांजी पेट की गर्मी को करेगी दूर



चावल की कांजी चावल के पके हुए पानी को कहा जाता है। गर्मियों में इसके सेवन से शरीर को कई सारे लाभ मिलते हैं। अक्सर लोग डिहाइड्रेशन, दस्त, हैजा और गैस्ट्रोएन्टेराइटिस जैसी समस्या होने पर इसका सेवन करते हैं। गर्मियों के मौसम में अक्सर शरीर में पानी की कमी हो जाती है और पेट में गर्मी भी हो जाती है। ऐसे में शरीर और पेट को ठंडी चीजों का सेवन करना चाहिए। पेट को ठंडा करने के लिए चावल से बनी कांजी के सेवन को बहुत लाभदायक माना गया है, चलिए जान लेते हैं कि चावल की कांजी कैसे बनाई जाती है।

### कैसे बनाएं चावल की कांजी

चावल की कांजी बनाने के लिए सबसे पहले चावल को पानी में डालकर धो लें। इससे चावल की सभी गंदगी पानी से साफ हो जाएगी और स्टार्च भी साफ हो जाएंगे। अब चावल को पकाना है, इसके लिए एक बर्तन में पानी गर्म करने के लिए रखें। पानी गर्म हो जाए तो चावल को डालकर उबाल लें। चावल पक जाए तो बचे हुए पानी को छान लें। चावल के इस स्टार्च वाले पानी को फेंकना नहीं है, यही चावल का कांजी है, जो हमारे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। चावल का पानी बच जाए तो आप इसे फ्रिज में स्टोर कर बाद में भी इसका स्वाद और लाभ ले सकते हैं।

चावल की कांजी बनाने के लिए चावल को साफ पानी में धोकर एक तरफ रखें।अब एक बर्तन में चावल को पकाने के लिए पानी गर्म करने के लिए रखें।पानी में उबाल आ जाए तो चावल को डालकर पकने दें। चावल पक जाए तो चावल को छान लें और चावल के स्टार्च को अलग रखें। चावल को आप खाने के लिए इस्तेमाल करें और चावल के मांड को दो से तीन दिन के लिए रूम टेंपरेचर पर छोड़ दें।

## कार्नर न्यूज

## आपकी सेहत निर्भर करती है आपके भोजन पर

# तंदरुस्त रहने के लिए जरूरी है हेल्दी मील प्लान दिनभर बिजी रहने के बावजूद नहीं होगी थकान

कहते हैं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है। यानी आप स्वस्थ नहीं होंगे और आपको किसी प्रकार की शारीरिक समस्या है, तो आप किसी भी काम को अच्छी तरह नहीं कर पाएंगे। आजकल यंगस्टर्स में भी फिटनेस की कमी देखी जाती है। इसका मुख्य कारण है उनका दिनभर बिजी रहना। सुबह से शाम तक शेड्यूल टाइट रहने पर वे सही से खाने के लिए समय भी नहीं निकाल पाते। ऐसे में वे समय बचाने के लिए कैफेटेरिया या किसी दुकान से जंक फूड लेकर खा लेते हैं।

इतना ही नहीं कई बार तो दोपहर का लंच भी स्किप हो जाता है, जिससे भूख बढ़ने पर आप अगली मील हैवी करते हैं। इस तरह बिगड़ी हुई लाइफ स्टाइल सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर डालती है। इसका असर यह होगा कि आपका वजन बढ़ने लगेगा और आप अनफिट हो सकते हैं।

यदि आप भी बिजी शेड्यूल के कारण अपनी डाइट पर ध्यान नहीं दे पाते तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि फिट और हेल्दी रहने के लिए किस तरह का डाइट प्लान होना चाहिए।



### सिंपल ब्रेकफास्ट को प्राथमिकता दें

ब्रेकफास्ट स्किप करने के कई नुकसान होते हैं। इसलिए हमेशा नाश्ता करना ही चाहिए। नाश्ता करने से आपको दिनभर के लिए एनर्जी मिलती है। यदि आप ऑफिस जाने के चक्कर में अक्सर ब्रेकफास्ट स्किप कर देते हैं तो यह गलत है। ऐसे में आपको किसी ऐसे ब्रेकफास्ट का सेवन करना चाहिए, जो जल्दी रेडी हो सके। लेकिन यह ध्यान रखें कि रोजाना ब्रेकफास्ट करना जरूरी है।

ब्रेकफास्ट में आप ग्रीक योगर्ट, ऑमलेट, केला, दूध, ओट्स आदि का सेवन करें तो बेहतर रहेगा। ये सभी कम समय में तैयार हो जाते हैं और हेल्दी भी होते हैं। ये आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करके बॉडी को हाइड्रेट करने के साथ ही डाइजेशन भी सही रखते हैं।

### मॉर्निंग स्नैक्स भी साथ रखें

स्नैकिंग बहुत से लोग दिनभर करते रहते हैं। ऐसा करना नुकसानदेह और फायदेमंद, दोनों हो सकता है। यदि आप स्नैक्स के रूप में जंक फूड का सेवन करते हैं तो यह गलत होगा। वहीं यदि आप हेल्दी फूड खाते हैं तो यह अच्छा होगा।

सुबह में आप 11-12 बजे के करीब आप स्नैक्स में नट्स या फ्रूट (Nuts or fruit) शामिल कर सकते हैं। इससे भूख मिट जाएगी और लंच के समय ओवरईटिंग से भी बच जाएंगे।



### ढेर सारा पानी पिएं

कुछ लोग खुद को एनर्जेटिक रखने की कोशिश में दिनभर कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन कॉफी के अधिक सेवन से शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है और रात में नींद आने में दिक्कत हो सकती है। इसलिए हमेशा खूब पानी पिएं ताकि शरीर से टॉक्सिन बाहर निकल सकें और बॉडी भी हाइड्रेट रहे। दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए इस बारे में जानने के लिए इस लिंक पर क्लिक कर सकते हैं।

### हर दिन एक ही समय पर खाएं

कई लोग ऑफिस में बिजी होने पर खाने का समय ही बदल देते हैं। जबकि यह गलत आदत है। यदि आप एक ही समय पर रोजना खाना खाते हैं तो आपके माइंड को समय से पहले भूख का अहसास नहीं होता।

इसलिए हमेशा निश्चित समय पर ही किसी भी मील का सेवन करें, ताकि भूख और ओवरइटिंग से बच सकें।

### लाइट लंच करें

लंच में आपने क्या खाया, यह किसी के भी शरीर पर असर डालता है। आप कम कैलोरी वाला हेल्दी लंच करें। इसमें हरी सब्जियां, होल ग्रेन और फाइबर शामिल होना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस की स्टेज पर अजीब हरकत वायरल हुआ पति का रिएक्शन

अमेरिकी गायक और रैपर क्रिस ब्राउन का विवादों से पुराना नाता है। अब एक बार फिर अपने हालिया कॉन्सर्ट को लेकर क्रिस ब्राउन विवादों में घिर गए हैं। इस कॉन्सर्ट के



कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो ऐसा सामने आया, जिसने क्रिस को विवादों में खड़ा कर दिया। विवादित वायरल वीडियो में क्रिस ब्राउन स्टेज पर ही एक महिला को पहले बुलाते हैं, फिर उसके साथ कुछ ऐसा करते, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। नेटिजंस इस वीडियो पर लगातार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में क्रिस ब्राउन अपने क्लासिक ट्रैक 'टेक यू डाउन' पर परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। यह एक ऐसा गाना है, जिसके दौरान वह अक्सर किसी फैन को स्टेज पर बुला लेते हैं। इस दौरान भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया। वायरल वीडियो में एक महिला लाल सोफे पर लेटी हुई दिखती है, जबकि क्रिस ब्राउन उसके ऊपर नाचते हैं और उसके कान में धीरे से गाते हैं। यह पल तब चर्चा में आ गया जब वह महिला अचानक क्रिस का चेहरा पकड़कर उन्हें किस कर लेती है। लगभग तुरंत ही इसके साथ एक और क्लिप भी वायरल होने लगी, जिसमें दर्शकों में बैठा एक व्यक्ति, कथित तौर पर महिला का पति, इस पल को निराशा के साथ देखता हुआ अपना सिर हिलाता हुआ दिखाई देता है। इस वीडियो के सामने आते ही क्रिस ब्राउन एक बार फिर विवादों में घिर गए। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग एक शादीशुदा महिला के अचानक क्रिस ब्राउन को किस करने पर उसे ट्रोल कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'श्रीनिवास मंगापुरम' का टीजर रिलीज महेश के भतीजे संग नजर आएंगी राशा

फिल्म निर्माता अजय भूपति द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' का टीजर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। इसके टीजर में रोमांस के साथ



जबरदस्त एक्शन दिखाया गया है। इस फिल्म में जयकृष्ण घट्टमनेनी और राशा थडानी मुख्य भूमिका में हैं।

वादे के अनुसार, 'श्रीनिवास मंगापुरम' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म का टीजर एक्शन, रोमांस और थ्रिलर से भरपूर है। इस फिल्म का निर्देशन अजय भूपति ने किया है। इस फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू के भतीजे जयकृष्ण मुख्य भूमिका में हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी भी इस फिल्म से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म की कहानी तिरुपति के इलाके की है। इसमें वासु बाबू (जयकृष्ण) और मंगा (राशा थडानी) की कहानी दिखाई गई है। दोनों पहले अच्छे दोस्त होते हैं, फिर धीरे-धीरे उनका रिश्ता गहरे प्यार में बदल जाता है। लेकिन उनकी खुशियों में अचानक मुश्किलें आ जाती हैं। परिस्थितियां उनके रिश्ते को चुनौती देती हैं। नायक को इन सब चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूत बनना पड़ता है। दोनों की केमिस्ट्री बहुत अच्छी लग रही है। मोहन बाबू ने फिल्म में खलनायक का रोल निभाया है, जो कहानी में रोमांच बढ़ा देता है। फिल्म का निर्देशन अजय भूपति ने किया है। अजय भूपति पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। यह फिल्म इस साल 2026 में रिलीज होगी। फिल्म में जयकृष्ण घट्टमनेनी और राशा थडानी मुख्य भूमिका में हैं। जबकि खलनायक के किरदार में मोहन बाबू नजर आए।

### भोजपुरी

## पवन और खुशी की शानदार केमिस्ट्री 'सड़िया ए जान' में

भोजपुरी सिंगर और नेता पवन सिंह अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में अंजली राघव के साथ बदसलूकी के मामले में उनका नाम सामने आया था। सिंगर ने



उनसे माफी मांग ली और यह मामला शांत हो गया। अब पवन सिंह अपने नए गाने 'सड़िया ए जान' की वजह से सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इसमें वह खुशी तिवारी के साथ पर्दे पर रोमांस करते दिख रहे हैं। पवन सिंह का नया गाना 'सड़िया ए जान' रिलीज हो चुका है। गाने में खुशी तिवारी खुद को संवारने के लिए पवन सिंह से नई-नई साड़ियों की डिमांड कर रही हैं। पवन सिंह भी उनके साड़ी लुक पर फिदा हैं। गाने में खुशी तिवारी और पवन सिंह का रोमांस भी दिखाया गया है। पर्दे पर दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री भी गाने की तरह खिल रही है। 'सड़िया ए जान' गाने को पवन सिंह ने सिंगर खुशी कक्कड़ के साथ मिलकर गाया है। गाने के बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं और संगीत निर्देशक प्रियांशु सिंह हैं। गाने का म्यूजिक भी वाइब देने वाला है। लेटेस्ट गाने को सोमवार सुबह ही रिलीज किया गया है। खबर लिखे जाने तक गाने को यूट्यूब पर 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

इससे पहले साउथ की पैन-इंडिया फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' में भी पवन सिंह का स्पेशल गाना था। फिल्म में उनका गाना 'टच बेबी' को फिल्माया गया, जिसमें वे अदिवि शेष के साथ पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखे। यह साउथ सिनेमा में पवन सिंह का डेब्यू है, जिसे फैंस की तरफ से बहुत सारा प्यार भी मिला। 'डकैतः एक प्रेम कथा' बीते हफ्ते यानी 10 अप्रैल को रिलीज हो चुकी है।


## हैंडलूम की शान

देश की मशहूर डिज़ाइनर वैशाली शदांगुले भारतीय हथकरघा (हैंडलूम) को नया और आधुनिक बनाने की पैरवी करती हैं। आज उनकी डिजाइन भारत से लेकर विदेश में भी शान से अपनाए जा रहे हैं। वैशाली मानती हैं कि हमारी हथकरघा विरासत को पहनने वाले और खरीदने वाले आज की युवा पीढ़ी हैं। आखिरकार, चाहे भारत में हों या दुनिया भर में, हमें अपनी विरासत को उनके लिए समझने लायक और पहनने लायक बनाना होगा। भारतीय हथकरघा उत्पाद लंबे समय से पारंपरिक पहनावे से जुड़े रहे हैं, और शादियों जैसे मौकों के अलावा इनका इस्तेमाल शायद ही कभी किया जाता है। लेकिन साथ ही, इन पारंपरिक कपड़ों की अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइनरों के बीच बहुत ज़्यादा मांग है। उनके लिए कारीगरी का स्तर, सुंदरता और 'स्लो फ़ैशन' के सिद्धांत का पालन ही लक्ज़री उत्पादों का असली सार तय करता है।



लाइफ स्टाइल

## चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से मिलते हैं ये फायदे



त्वचा पर तरह-तरह ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ प्रोडक्ट स्किन को फायदा पहुंचाते हैं, तो अन्य नुकसान। क्या आपने कभी अपने चेहरे पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल किया है? ग्लिसरीन त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

ड्राई स्किन से लेकर ऑइली स्किन तक के लिए ग्लिसरीन का उपयोग किया जा सकता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि चेहरे पर ग्लिसरीन का किन तरीकों से उपयोग करना चाहिए।

ग्लिसरीन वेजिटेबल और एनिमल फैट से बनाया जाता है। यह देखने में क्लियर और कलरलेस होता है। ग्लिसरीन से किसी प्रकार की कोई खुशबू नहीं आती है। यह एक तरह का मॉइश्चराइजर है, जिसका इस्तेमाल चेहरे पर किया जाता है। अगर आपकी ड्राई स्किन है, तो चेहरे पर ग्लिसरीन का उपयोग कर सकती हैं। ग्लिसरीन नेचुरल मॉइश्चराइजर के रूप में काम करता है। चेहरे को साफ करके त्वचा पर ग्लिसरीन लगे आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल रोजाना भी कर सकती है

स्किन को ओवर एक्सफोलिएट करने की वजह से स्क्रीन बैरियर डैमेज हो जाता है। यही नहीं, केमिकल प्रोडक्ट्स और दवाइयां के साइड इफेक्ट्स के कारण भी यह समस्या होने लगती है। स्क्रीन बैरियर डैमेज ना हो इसके लिए आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक्टीरियल इन्फेक्शन और ड्राई स्किन एक्ने ब्रेकआउट, ये सभी समस्याएं भी डैमेज स्किन बैरियर के लक्षण हैं। स्किन बैरियर डैमेज न हो, इसके लिए त्वचा पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल करें। इसके उपयोग से आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। हम सभी चाहते हैं कि हमारी त्वचा की रंगत निखरे। स्किन व्हाइटनिंग के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। यहां तक कि ट्रीटमेंट भी किए जाते हैं। क्या आप जानती हैं कि कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट जैसी ग्लिसरीन से भी त्वचा साफ दिखने लगती है। आप स्किन व्हाइटनिंग के लिए भी ग्लिसरीन को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। रोजाना चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से आपको महीने भर में फर्क दिखने लगेगा। गहरी नमी यह त्वचा में पानी के स्तर को बढ़ाता है, जिससे रूखी त्वचा नरम और कोमल हो जाती है। त्वचा की चमक बढ़ाता है और चेहरे को हाइड्रेटेड रखता है। हाइड्रेशन बनाए रखकर यह समय से पहले आने वाली झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद करता है।

दाग-धब्बे कम करना ग्लिसरीन और नींबू का मिश्रण त्वचा को एक्सफोलिएट कर दाग-धब्बों को कम कर सकता है।यह त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षात्मक परत को मजबूत करता है, जिससे पर्यावरणीय नुकसान से बचाव होता है।

## फंक्शन में दिखना है सबसे अलग स्टाइल कीजिए खास आउटफिट्स




शादी के फंक्शन में शामिल होने के दौरान आप इस तरह के थ्री-पीस सूट स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



शादी से पहले कई सारे फंक्शन होते हैं और इन फंक्शन में शामिल होने के दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। वहीं, अगर आप शादी के फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो और इस दौरान सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो, आप इस तरह के करेंगी ये 3 पीस आउटफिट्स इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत साथ ही, सबसे अलग नजर आएगा।

### शादी के फंक्शन में स्टाइल करें ये 3 पीस आउटफिट्स



शादी के फंक्शन में न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए ये 3 पीस आउटफिट्स वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजांइस 3 पीस आउटफिट्स दिखा रहे हैं जो आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस 3 पीस आउटफिट्स में टॉप, प्लाजो साथ ही श्रग है। और इस तरह का आउटफिट आप शादी के फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस आउटफिट के साथ चोकर या पर्ल वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

## डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कीजिए बेहद सावधानी से

ज्वेलरी पहनना हर महिला को पसंद होता है। वहीं, अगर ज्वेलरी सोना या डायमंड का हो, तो महिलाएं उसे काफी संभालकर रखना पसंद करती हैं। अगर आपको भी डायमंड की ज्वेलरी पहनना पसंद है, तो इसे खरीदने के बाद सही तरह से स्टोर करना भी आना चाहिए। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे डायमंड की ज्वेलरी को स्टोर कर सकती हैं।



### ज्वेलरी को एक साथ ना रखें

कई लोग आर्टिफिशियल और डायमंड की ज्वेलरी को एक साथ स्टोर करके रख देते हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। डायमंड की ज्वेलरी भले कितनी भी महंगी क्यों ना हो, यह काफी नाजुक होता है। गलत तरीके से रखने पर यह टूट सकता है। ऐसे में इसे आपको अलग डिब्बों में रखना चाहिए।

### नाजुक ज्वेलरी को अलग रखें

कई बार डायमंड की छोटी ज्वेलरी जैसे कि नोज पिन गुम हो जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें हम भारी ज्वेलरी के साथ रख देते हैं। इन छोटी चीजों को इनके डिब्बे में रखना चाहिए। ऐसे में ये सुरक्षित रहते हैं और इन पर दाग भी नहीं लगते हैं। अगर आप भारी ज्वेलरी को मोड़कर रख देते हैं, तो ये बीच से टूट सकते हैं। चाहे ज्वेलरी कितनी भी महंगी क्यों ना हो, आपको इसे सही तरीके से ही रखना होगा।

## लिक्विड लिपस्टिक शेड्स करें ट्राई, मिलेगी तारीफ

जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले मेकअप करते हैं। इसके लिए हम आउटफिट के हिसाब से अपने मेकअप लुक को क्रिएट करते हैं। लेकिन मेकअप पूरा करने के लिए जरूरी है कि आप लिपस्टिक के सही शेड का ध्यान रखें। इससे लुक अच्छा लगेगा।



### पिंक शेड लिक्विड लिपस्टिक

अगर आप न्यूड शेड्स वाली लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड लिपस्टिक शेड को अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग लिपस्टिक के शेड्स मिल जाएंगे, जिसे आप किसी भी कलर की ड्रेस के साथ अप्लाई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक लगाने के बाद आपको कोई ग्लॉस लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसे आप रोजाना अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं।

### ब्राउन शेड लिक्विड लिपस्टिक करें ट्राई

अगर आप ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप ब्राउन लिपस्टिक के अलग-अलग शेड्स को ट्राई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक में काफी अच्छे कलर मिल जाएंगे, जो होठों पर लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसके लिए आप लाइट से लेकर डार्क हर कलर की लिपस्टिक ले सकती हैं। मानसून मेकअप लुक के लिए यह अच्छी लगेगी। इस लिपस्टिक कलर को आप ऑफिस में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक सिंपल और एलीगेंट लगेगा।

आप अपने लिप्स पर डार्क कलर वाली लिपस्टिक को भी ट्राई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक भी लगाने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इससे लुक अच्छा लगेगा। आप इस तरह की लिपस्टिक को आप किसी भी आउटफिट के साथ ट्राई कर सकती हैं और लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इसमें आपको शेड्स कई सारे मिल जाएंगे। साथ ही इससे लुक भी अच्छा लगेगा। इस तरह की लिपस्टिक को आप नाइट पार्टी में ट्राई सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में मिलेगी मदद

## कॉकटेल के लिए ऐसे हों तैयार कि आप बन जाएं पार्टी की शान, जानिए कुछ जरूरी टिप्स

कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है लेकिन कपड़े क्या पहने समझ नहीं पा रहे हैं तो आपको कॉकटेल पार्टी से जुड़े कुछ खास टिप्स जरूर आजमाने चाहिए। ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं-कॉकटेल अटायर मुख्य रूप से कॉकटेल पार्टी,शाम के इवेंट,रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं।

### फैब्रिक के बारे में सोचिए

वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है।

### कैजुअल पहन सकते हैं लेकिन खास तरह से

कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे



खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

### कलर का रखें ध्यान

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा।

### साफ-सफाई है जरूरी

आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।

